**अनमोल विचार**

यशस्वियों का कर्तव्य है कि जो अपने से होड़ करे उससे अपने यश की रक्षा भी करें।

▶▶ कालिदास

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | भोपाल, शुक्रवार, 06 दिसंबर 2024 | वर्ष- 09 | अंक- 349 | पेज-08 | मूल्य- ₹ 5.00/-


## न्यूज इन शॉर्ट

### डे-नाइट टेस्ट आज से, एडिलेड में 2 मैच जीता है भारत, रोहित और गिल टीम में वापसी करेंगे

एडिलेड। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट कल से एडिलेड में खेला जाएगा। सीरीज में भारत 1-0 से आगे है। टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में 295 रन से हराया था। एडिलेड में दोनों टीमों के बीच अब तक 13 मैच खेले गए, भारत को यहां 2 में जीत मिली है। 2020-21 की तरह इस बार भी एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट खेला जाएगा। पिंक बॉल टेस्ट की प्रैक्टिस के लिए भारत ने ऑस्ट्रेलिया पीएम-11 के साथ दो दिन का वॉर्म-अप गेम खेला था। जिसे भारत ने 6 विकेट से जीता था। कल के मैच से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल वापसी करेंगे। दोनों ने प्रैक्टिस मैच में बैटिंग की थी।दूसरे मैच से कप्तान रोहित शर्मा वापसी करेंगे, उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कन्फर्म किया कि वह मिडिल ऑर्डर में उतरेंगे।



### सोना 300 रुपये चढ़कर 79 हजार रुपये के स्तर पर पहुंचा, चांदी तीसरे दिन भी चमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमत बढ़कर 79,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गई। तीन दिन की गिरावट का सिलसिला थमते हुए 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत बुधवार को 300 रुपए बढ़कर 79,150 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमत बढ़कर 79,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गई। तीन दिन की गिरावट का सिलसिला थमते हुए 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत बुधवार को 300 रुपए बढ़कर 79,150 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि इससे पहले इसका बंद भाव 78,850 रुपए प्रति 10 ग्राम था।



### दिल्ली प्रदूषण केस, सुको बोला- क्या मजदूर भूखे रहें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और यूपी सरकारसे पूछा था कि जीआरएपी-4 की पाबंदियां लागू होने के बाद कितने मजदूरों को हर्जाना दिया है। इसे लेकर आज दिल्ली सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट शादान फरासत ने कहा कि हमने 90 हजार मजदूरों को 2 हजार का भुगतान किया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि 90 हजार मजदूर 8 हजार रुपए के हकदार हैं। आप बचे हुए 6 हजार कब तक देंगे। क्या आप मजदूरों को भूखा रखना चाहते हैं। हम कंटेप्ट नोटिस जारी कर रहे हैं। इसके जवाब में दिल्ली सरकार के चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि हम कल तक भुगतान कर देंगे।



### नोएडा में धरने पर बैठे 34 किसान गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में पंचायत से पहले पुलिस ने 34 किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार देर रात पुलिस ने जीरो पॉइंट पर धरने के लिए बैठे किसानों को भी हटा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से किसानों में आक्रोश है। दरअसल, बुधवार शाम को सीएम योगी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अराजकता कहीं भी बर्दाश्त नहीं होगी। चाहे वो संभल हो या ग्रेटर नोएडा। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस ने एक्शन लिया। 2 दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के 10 संगठनों ने अपनी 4 मांगों को लेकर दिल्ली कूच का ऐलान किया था। अफसरों के आश्वासन के बाद किसानों ने 7 दिन का समय दिया और नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलन को शिफ्ट कर दिया।



## एमपी-राजस्थान के सीएम ने दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री के साथ की बैठक

# गुजरात में बसे मध्य प्रदेश के उद्योगपति कराएंगे 15 हजार बोर

**विजय मत, भोपाल**

गुजरात में जाकर बसे मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार के उद्योगपति अब अपने-अपने राज्यों में अपने पैसों से बोरवेल खुदवाएंगे। बारिश के पानी को संग्रहित कर भू-जल स्तर (ग्राउंडवाटर स्टोरेज कैपेसिटी) बढ़ाने के लिए%कर्मभूमि से जन्मभूमि योजना के तहत ये बोरवेल खुदवाए जाएंगे। दिल्ली में गुरुवार को केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में बैठक की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्षा जल को संग्रहित कर भू-जल भंडारण क्षमता के विकास के लिए चलाई जा रही कर्मभूमि से जन्मभूमि योजना एक अभिनव पहल है। इस योजना के अंतर्गत गुजरात में व्यापार कर रहे अन्य राज्यों के व्यापारी अपने संसाधनों का उपयोग कर अपने राज्यों में बोरवेल खुदवा रहे हैं। मध्य प्रदेश के सतना जिले में इस योजना के तहत कार्य शुरू हो चुका है। योजना के तहत पूरे प्रदेश में 15,000 बोरवेल खुदवाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम यादव ने कहा, इस योजना का सबसे अच्छा पहलू यह है कि यह बिना शासकीय संसाधनों के, गुजरात में व्यापार करने वाले व्यापारियों की भागीदारी से चल रहा है। बूंद-बूंद जल बचाने का यह अभियान सराहनीय है।



### कलेक्टर होंगे स्कीम के नोडल ऑफिसर

दिल्ली में हुई बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने बताया कि योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इससे काम में आ रही बाधाओं को दूर करने में मदद मिलेगी और योजना को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सकेगा।

### राजस्थान में भी शुरू हुई योजना

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर सूरत के व्यापारियों द्वारा शुरू की गई यह योजना राजस्थान के सिरोही और जोधपुर जिलों में लागू हो चुकी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह योजना राजस्थान में जल रिचार्ज में सहयोग के लिए वरदान साबित होगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जलसंचय संकल्प को जन-आंदोलन बनाने के क्रम में 'कर्मभूमि से जन्मभूमि' कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है। इसमें गुजरात में रह रहे मध्यप्रदेश, राजस्थान और बिहार के व्यवसायी अपनी जन्म भूमि में जल संचय के उद्देश्य से बोर की व्यवस्था कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसमें राजस्थान में एक लाख 60 हजार और मध्यप्रदेश में 15 हजार बोर बनवाए जाने है।

### मप्र राजस्थान और बिहार को होगा फायदा

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण संकल्प को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से कर्मभूमि से जन्मभूमि कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है। इसमें गुजरात में रह रहे मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार के व्यापारी अपनी जन्मभूमि में जल संचय के लिए बोरवेल की व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत राजस्थान में 1 लाख 60 हजार, मध्य प्रदेश में 15 हजार और बिहार के 10 जिलों में प्रत्येक गांव में 4 बोरवेल बनवाने का लक्ष्य है। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों के सहयोग से इस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने की उम्मीद जताई।

## महाराष्ट्र महायुति सरकार का शपथ ग्रहण

# देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार उपमुख्यमंत्री बने



**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार का गठन एक ऐतिहासिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। मुंबई के प्रतिष्ठित आजाद मैदान में शनिवार को आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जबकि एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई।शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बेहद भव्य था, जिसमें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नेताओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) के शीर्ष नेता, विधायक, और देश-विदेश के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह में गठबंधन की एकता और प्रदेश की उन्नति के संकल्प को उजागर किया गया। महायुति गठबंधन, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना (शिंदे गुट), और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी - अजित पवार गुट) शामिल हैं, महाराष्ट्र की राजनीति में एक अभूतपूर्व गठबंधन है। इस गठबंधन का उद्देश्य राज्य में स्थिरता बनाए रखना और विकास को प्राथमिकता देना है। फिल्मी जगत की चमक-दमक भी यहां पूरी तरह झलक रही है। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर, अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान, रणबीर कपूर, रणवीर सिंह, और अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जैसे सितारे समारोह में मौजूद हैं। उद्योग जगत से मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी, और आकाश अंबानी जैसे प्रमुख चेहरे भी कार्यक्रम में शरीक हुए हैं। यह समारोह न केवल राजनीति बल्कि महाराष्ट्र की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर का भी प्रतीक बन गया है। बड़ी संख्या में जनसामान्य भी कार्यक्रम को देखने के लिए यहां जुटे हैं, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण और गरिमामय बना हुआ है।

## इंदौर के कॉटन कारोबारी के यहां इनकम टैक्स की रेड

# धार के मनावर में 30 गाड़ियों से पहुंचे 70 अफसर, हवाला कारोबार से जुड़े तार

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**

मध्यप्रदेश के इंदौर और धार में आयकर विभाग ने कई ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। विभाग की अलग-अलग टीम इंदौर, देपालपुर और मनावर में सर्चिंग कर रही हैं। जिन लोगों के यहां ये कार्रवाई हो रही हैं उनमें इंदौर के कॉटन कारोबारी और मनावर के बिल्डिंग मटेरियल व्यापारी, कॉलोनाइजर और प्रॉपर्टी ब्रोकर शामिल हैं। बताया जा रहा है कि गुजरात के किसी रियल स्टेट कारोबारी के हवाला कारोबार में बिटकॉइन में लेन-देन के तार इंदौर और धार के मनावर से जुड़े हैं। छापेमारी के लिए अहमदाबाद और भोपाल से आई अफसरों की टीमें देवास में ठहरी थी। गुरुवार सुबह कार्रवाई शुरू की। धार के मनावर में 70 से अधिक कर्मचारी करीब 30 वाहनों से मनावर पहुंचे। जहां-जहां कार्रवाई चल रही हैं, वहां भारी पुलिसबल तैनात है।



### हैदराबाद में फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़, 1 महिला की मौत, 3 घायल

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें 1 महिला की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात को संध्या थिएटर में फिल्म की स्क्रीनिंग के लिए अल्लू अर्जुन आए थे। थिएटर के बाहर आरटीसी एक्स रोड पर इकट्ठा हुए फैंस अल्लू अर्जुन से मिलना चाहते थे। इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। धक्का-मुक्की के कारण कई लोग एक-दूसरे पर गिर गए। कुछ लोग घायल भी हुए। स्थिति को कंट्रोल में लाने के लिए पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया। भीड़ कम होने के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती किया।

## बीजेपी के संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

# देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस पार्टी संसद में अडानी के मुद्दे को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर सवाल उठा रही है। इसी बीच बीजेपी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। पात्रा ने कहा कि संसद में देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के शेयर बाजार और उद्योगपतियों को निशाना बनाया जा रहा है। जिससे देश को तोड़ने की साजिश रची जा रही है। पात्रा ने राहुल गांधी को देशद्रोही बताते हुए कहा कि वे संसद सदस्य होने के बावजूद देश के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का जिक्र करते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ प्रोपगेंडा फैलाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी का सोरोस से संबंध है और यह देश की एकता और संप्रभुता के लिए खतरा है। इससे पहले, अडानी मामले को लेकर विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसदों ने प्रदर्शन के दौरान मोदी-अडानी एक हैं।



### इसरो ने फिर रचा कीर्तिमान: यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को सफलतापूर्वक किया प्रक्षेपित

**श्रीहरिकोटा, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी59 रॉकेट लॉन्च किया। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन को लेकर इसने शाम 4.04 बजे उड़ान भरी। इसरो इस मिशन को बुधवार की शाम 4 बजकर 8 मिनट पर लॉन्च करने वाला था, लेकिन प्रोपल्शन सिस्टम में आई खराबी के कारण इसकी लॉन्चिंग को एक दिन के लिए टाल दिया गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए स्पेस एजेंसी ने कहा, पीएसएलवी- सी59 सफलतापूर्वक आसमान में उड़ गया।



### गडकरी की ठेकेदारों को चेतावनी: ठीक से काम नहीं किया तो बुलडोजर के नीचे डाल देंगे, याद रखना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में अपने मंत्रालय से जुड़े कार्यों और सदस्यों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर रोष जाहिर किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सड़क परियोजनाओं में कॉन्ट्रैक्टर्स की लापरवाही से लेकर टोल केंद्रों की संख्या को लेकर भी जवाब दिया। दरअसल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सांसद हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की खामिया गिनाई थीं और 150 से ज्यादा लोगों की मौत की बात कही थी। नागौर से सांसद ने बताया था कि अकेले दौसा में ही 50 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं।



### संभल हिंसा: प्रशासन जल्द लगाएगा चौराहों पर आरोपियों के पोस्टर

**संभल, एजेंसी**

संभल हिंसा में शामिल 400 से अधिक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रशासन सार्वजनिक स्थलों पर उनके पोस्टर लगाएगा। शांति समिति की बैठक में पोस्टरों की संख्या पर फैसला होगा। हिंसा मामले में सात एफआईआर दर्ज की गई हैं। संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में शामिल आरोपियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने कहा है कि हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे।




# राष्ट्रपति पुतिन ने की पीएम मोदी और मेक इन इंडिया की सराहना

## कहा- भारत में निवेश करना लाभदायक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार की लघु एवं मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) के लिए स्थिर परिस्थितियां बनाने के लिए सराहना की और भारत में रूसी मैन्यूफैक्चरिंग साइट स्थापित करने की पेशकश की। बुधवार को मॉस्को में 15वें वीटीबी निवेश फोरम में बोलते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने बाजार से बाहर हो चुके पश्चिमी ब्रांडों की जगह नए रूसी ब्रांडों के उदय का भी उल्लेख किया, उन्होंने उपभोक्ता वस्तुओं, आईटी, उच्च तकनीक और कृषि जैसे क्षेत्रों में स्थानीय रूसी निर्माताओं की सफलता का उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रूस का आयात प्रतिस्थापन कार्यक्रम भारत की मेक इन इंडिया पहल के समान है और कहा कि भारत का नेतृत्व अपने हितों को प्राथमिकता देने की नीति पर केंद्रित है। उन्होंने भारत में रूसी मैन्यूफैक्चरिंग साइट स्थापित करने की भी पेशकश की।



**विजय मत एंकर** स्मार्टफोन के साथ मिलेगी सिगरेट के पैकेट जैसी चेतावनी, सरकार ने दिया आदेश

# स्पेन ने स्मार्टफोन की लत को किया महामारी घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तीन से छह साल के बच्चों के लिए इसका उपयोग केवल विशेष परिस्थितियों में ही अनुमति देने का सुझाव। 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर रोक और 16 साल तक के किशोरों के लिए सीमित कार्यक्षमता वाले डंबफोन का उपयोग प्रोत्साहित करने की सलाह। स्मार्टफोन की लत आज के समय में सबसे बड़ी लत हो गई है। यह किसी अन्य नशे से कम नहीं है और यही आज सबसे बड़ा नशा है। इससे निजात पाना किसी के लिए भी मुश्किल है। बच्चे से लेकर बुढ़े तक स्मार्टफोन की लत की जद में हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि सरकार इसे अब सिगरेट जैसी नशे वाली चीजों की कैटगरी में शामिल कर रही है। स्मार्टफोन की लत की कीमत भी चुकानी पड़ती है। यह हमारी नींद, मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत संबंधों को खासतौर पर किशोरों और युवा वयस्कों के बीच प्रभावित कर रही है।



### स्पेन की समिति की सिफारिशें

स्मार्टफोन और डिजिटल सेवाओं पर चेतावनी संदेश का होना अनिवार्य हो। रिपोर्ट में डिजिटल सेवाओं पर अनिवार्य स्वास्थ्य चेतावनी देने की सिफारिश की गई है, जिसमें अधिक उपयोग और हानिकारक सामग्री के जोखिम के बारे में जानकारी होगी। यह संदेश सिगरेट के पैकेट्स पर लिखी चेतावनी जैसा होगा, लेकिन थोड़ा कम कठोर। कुछ एप्स और प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय स्क्रीन पर सावधानी संदेश दिखाने की सिफारिश की गई है। बच्चों के लिए डिजिटल उपकरणों पर रोक लगाने की बात कही गई है। तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित करने की सिफारिश की गई है। तीन से छह साल के बच्चों के लिए इसका उपयोग केवल विशेष परिस्थितियों में ही अनुमति देने का सुझाव।

## न्यूज इन शॉर्ट

### अवैध शॉपिंग मॉलों के खिलाफ शिवसेना ने को सौंपा ज्ञापन

सागर। मकरोनिया मे अवैध शॉपिंग मॉलो द्वारा की जा रही अवैध रूप से पार्किंग के खिलाफ शिवसेना ने आज सागर आगमन पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से चर्चा करते हुए ज्ञापन सौपा शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहां मकरोनिया में अवैध शॉपिंग मॉलो की भरमार है लेकिन शॉपिंग मॉल की बिल्डिंग का निर्माण नगर पालिका के नक्शा पास के मुताबिक नहीं बनाए गए और मनमर्जी से बिल्डिंग निर्माण किया गया जिसमें पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई विशाल मेगा मार्ट पैंटालून मॉल (स्टोर) ने तो अपनी पार्किंग लाखो रुपए में किराए पर दे रखी है तो वहीं वैल्यू एंड वैरायटी की तो पार्किंग ही नहीं है इनके द्वारा फुटपाथ पर कब्जा करके अवैध पार्किंग की जा रही है जिससे सारी यातायात व्यवस्था चौपट है आए दिन चक्का जाम जैसी स्थिति उत्पन्न होती है इनकी वजह से आवागमन प्रभावित है शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा कि शिवसेना द्वारा पूर्व में सीएमओ कलेक्टर आला अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी लेकिन प्रशासन द्वारा नोटिस तो दिए जाते हैं लेकिन बाद में सांठगांठ हो जाती और कार्यवाही नहीं होती अवैध शॉपिंग मॉलों की मुख्य मकरोनिया चौराहा पर गुंडागर्दी चल रही है सड़क अवैध रूप से गाड़ियां पार्किंग कराई जा रही है और प्रशासन मौन बैठा है शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह कहां शॉपिंग मॉलो मैं सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशामक यंत्र पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की एनओसी भी नहीं है विशाल मेगा मार्ट के सभी बिजली के तार बाहर लटके हुए हैं और बाजू में ही पेट्रोल पंप संचालित हो रहा है कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आश्वासन दिया है शीघ्र ही नियम विरुद्ध बने शॉपिंग मॉल पर अतिक्रमण की कार्यवाही की जाएगी ज्ञापन देने वालों में विकास यादव अमन ठाकुर अजय बुंदेला पंकज दुबे आशुतोष तिवारी आदि जैन सौभाग्य विश्वकर्मा जगमोहन प्रजापति सुमित तिवारी अनिल दुबे अशोक दुबे रानू तिवारी उपस्थित थे।

### अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा निर्देशित विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए स्वयंसेवक (वालंटियर) के रूप में जन भारत साक्षरता कार्यक्रम 'उल्लास' एप पर नामांकन एवं क्रियान्वयन हेतु एक जागरूकता-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 05 दिसम्बर, 2024 को समय 03 बजे से किया गया. जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में प्रौढ़ साक्षरता को बढ़ावा देने और प्रौढ़ शिक्षा के महत्व पर जन जागरूकता करना था. कार्यक्रम की शुरुआत प्रशांत तिवारी, जिला समन्वयक, प्रौढ़ शिक्षा विभाग, सागर ने उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से इस पुनीत कार्य में सहभागिता करने हेतु अधिक से अधिक उल्लास एप पर पंजीकरण करने का आह्वान किया. इसी क्रम में खंड समन्वयक श्रीमती प्रतिभा तिवारी ने कहा कि नव साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तियों को जीवन कौशल सिखाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षाशास्त्र विभाग विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन ने उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ ग्रामीण समुदायों और समाज के वंचित वर्गों के लिए साक्षरता के महत्व को रेखांकित किया. साथ ही प्रतिभागियों को बुनियादी पढ़ने-लिखने और गणित के कौशल सिखाने के लिए विशेष कार्यशालाएँ आयोजित करने का आश्वासन भी दिया. कार्यक्रम में श्री अरविन्द कुमार सोनी, प्रौढ़ शिक्षा विभाग ने उल्लास एप के बारे में चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से इस पर पंजीकरण एवं उसके माध्यम से क्रियाकलाप को साझा किया। इस अवसर पर डॉ. रानी दुबे, डॉ. अनूपी समैया, डॉ. रजनीश अग्रहरि, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. शिवशंकर, डॉ. अखंड शर्मा, डॉ. रमाकांत, डॉ. प्रवीण टीडी, योगेश सिंह सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सावन कुमारी एवं आभार डॉ. पुष्पिता राजावत ने किया।

### ऑटो चलती हुई मालगाड़ी के बीच में घुसा, जवानों ने बचाया

बीना। एक ऑटो चालक चलती हुई मालगाड़ी के बीच में घुसा आत्महत्या करने की नीयत से आया था, आरपीएफ के जवानों ने बचाया प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागर रेफर कर दिया।मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से गुजर रही मालगाड़ी से एक ऑटो चालक ने आत्महत्या करनेका प्रयास किया। वहां ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के जवानों ने उसे बचा लिया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो चालक पप्पू पिता दामोदर अहिरवार (50) निवासी भीम वार्ड बीना गुरुवार की सुबह जान देने के लिए प्लेटफार्म नंबर दो से निकल रही एक चलती हुई मालगाड़ी के बीच में जाकर घुसने का प्रयास करने लगा। इसी बीच वहां ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के जवानों ने जैसे ही व्यक्ति को देखा तो उसे तत्काल खींच लिया। इस दौरान ऑटो चालक के दोनों पैरों के पंजे कट गए। गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागर रेफर कर दिया।

# संवेदनशीलता के साथ अधिकारी प्रकरणों का निराकरण करें: कलेक्टर

**विजय मत, सागर**

पूरी संवेदनशीलता के साथ राजस्व अधिकारी सभी प्रकरणों का निराकरण करें एवं सभी राजस्व अधिकारी, पटवारी अपने मुख्यालय पर निवास स्थान बनाएं साथ ही डायवर्सन शुल्क जमा न करने वालों पर कुर्की की कार्रवाई की जाए एवं ग्रामों में समस्या निवारण शिविर लगाएं । उक्त निर्देश कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि राजस्व महान अभियान 3.0 के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाए और जिन राजस्व अधिकारियों की प्रगति संतोषजनक नहीं है उनको तत्काल कारण बताओं नोटिस जारी करें। कलेक्टर संदीप जी आर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी अपने अपने मुख्यालयों पर रहे और समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी के साथ ग्रामों में जाकर समस्या निवारण शिविर लगाएं जिसमें समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ न्यायालय प्रकरणों का भी निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जो पटवारी अपने मुख्यालय पर नहीं रहते है और अपने कार्यों के प्रति लापरवाह है उनको तत्काल निलंबित करें। उन्होंने कहा कि सीमांकन का कार्य टीएसएम मशीन से समय सीमा में कराएं। उन्होंने कहा कि सभी तहसील कार्यालय में टीएसएम मशीन उपलब्ध हो और सभी पटवारी को इसका प्रशिक्षण हो जिससे कि वह मशीन के माध्यम से सीमांकन का कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि नामांकन, बंटवारा भी समय सीमा में किया जावे। विवादित सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा में राजस्व अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर आवेदक को बुलाकर निराकरण कराए। उन्होंने कहा कि शिविर में पूरी तैयारी के साथ जाएं और संबंधित व्यक्ति को बुलाकर संतुष्टिपूर्ण प्रकरण का निराकरण करें। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि राजस्व वसूली के लिए शिविर लगे और राजस्व वसूली के देनदारों की सूची बनाएं और बड़े देनदारों के नाम सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि राजस्व जमा न करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ रिकवरी एवं उनकी कुर्की करें। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी ग्रामों में जाकर ग्राम चौपाल लगाएं और समस्याओं का मौके पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन के प्रकरणों का भौतिक सत्यापन मौके पर जाकर करें और और भूमि आवंटन के प्रकरणों का निराकरण करें। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने कहां कि आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जावे कोई भी प्रकरण आरबीसी 6-4 का लंबित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वह कैंप कोर्ट अर्थात न्यायालय आपके द्वार के माध्यम से प्रकरणों को हल करेंगे। कैंप कोर्ट के माध्यम से गांव गांव शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। राजस्व अधिकारियों द्वारा अपने क्षेत्र में सेगमेंट कार्यक्रम के अनुसार भ्रमण नहीं किया जा रहा है। उनके मासिक भ्रमण कार्यक्रम प्राप्त नहीं हो रहे हैं न ही भ्रमण उपरांत भ्रमण डायरी प्रस्तुत की जा रही है। जन सुविधा एवं लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हेतु न्यायालय एवं शिविर का कार्यक्रम तैयार कर आदेश के साथ संलग्न किया जा रहा है।

### विधायक खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मंत्री ने कहा...

# जीतने पर कभी घमंड मत करना और हारने पर कभी निराश मत होना: मंत्री

**विजय मत, सागर**



जीतने पर कभी घमंड मत करना और हारने पर कभी निराश मत होना, हमेशा आगे बढ़ोगे एवं माता-पिता का आशीर्वाद लेने वाले कभी असफल नहीं होते। उक्त विचार मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सागर जिले के नरयावली विधानसभा क्षेत्र में विधायक प्रदीप लारिया के द्वारा आयोजित विधायक खेल महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। खेल महोत्सव में 5000 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री श गोविंद सिंह राजपूत, विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, पूर्व विधायक श्रीमती पारुल साहू, गौरव सिरोठिया, कलेक्टर संदीप जी आर, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी बच्चों, शिक्षक, प्राचार्य मौजूद थे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में सभी खिलाड़ियों से कहा कि सभी अपने जीवन में तीन बातें का पालन करेंगे तो कोई भी व्यक्ति पीछे नहीं रहेगा और वह हमेशा उन्नति करता रहेगा। उन्होंने सर्वप्रथम कहा कि अपने जीवन में जीतने पर कभी घमंड मत करना और हारने पर कभी निराश मत होना, संकल्प के साथ कोशिश करते रहोगे तो हमेशा आगे ब?ते रहोगे। उन्होंने कहा कि पूरी योग्यता एवं ईमानदारी से खेलने वाला व्यक्ति कभी हारता नहीं है। इसी प्रकार दूसरी बात कहते हुए कहा कि किसी ने भगवान देखे हैं तो बताएं ? उन्होंने कहा कि मंदिर तो सभी ने देखे होंगे लेकिन भगवान किसी ने नहीं देखे। मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भगवान आप सभी के घरों में हैं सबसे पहले आपकी पालनहार मां भगवान है और आपको आगे बढ़ाने वाला पिता आपका भगवान है आप अपने माता-पिता का आशीर्वाद लें तो कोई भी व्यक्ति असफल नहीं हो सकता। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी तीसरी बात कहते हुए कहा कि जीवन में कभी नशा नहीं करना क्योंकि बी?ी, सिगरेट, शराब का नशा तो उतर जाता है किंतु भगत सिंह जैसे महापुरुषों का देश के लिए किया गया नशा कभी नहीं उतरता। इसी प्रकार मेहनत करने का नशा करके और संकल्प लेकर यदि कोई कार्य किया जाए और उसका नशा चढ़ जाए तो व्यक्ति कभी असफल नहीं होता। उन्होंने कहा कि आप सभी खेले और तब तक खेलें जब तक आपका नाम पूरी दुनिया में न हो जाए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं मैं आपको प्रणाम करता हूं उन्होंने कहा कि मैं विगत दिवस जापान गया था जहां के कार्यक्रम में एक विश्वविद्यालय की कुलपति ने सबसे पहले वहां मौजूद विद्यार्थियों को प्रणाम किया और उसके बाद कुलपति को बच्चों ने प्रणाम किया उन्होंने कहा कि कुलपति से जब मैंने पूछा तो उन्होंने कहा कि आज बच्चों के कारण ही पूरा जापान आगे बढ़ रहा है और बच्चे उगते हुए सूरज होते हैं और उगते हुए सूरज को हमेशा प्रणाम करना चाहिए। इस अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि एक छोटा सा पुरस्कार बच्चों के लिए मनोबल बढ़ाने का कार्य करता हैं और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि मुख्य अतिथि कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा हमेशा नए-नए नवाचार करते हैं जिन्होंने इंदौर में 51 लाख पौधरोपण कराकर एक नया कीर्तिमान रचा है। इनके अथक प्रयासों एवं कर्मठता के कारण आज इंदौर लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले एक कहावत थी प?ोगे लिखोगे बनोगे नवाब और खेलोगे कूंदोगे तो होगे खराब किंतु अब यह कहावत उल्टी हो गई है। उन्होंने कहा कि आज जो बच्चे यहां खेल रहे हैं वह इस प्रकार खेलें कि कल के दिन वह अपने जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि जन प्रतिनिधियों का कार्य सभी वर्गों के हितार्थ के लिए होता है इसलिए हम प्रत्येक वर्ष खेल महोत्सव करते हैं और बच्चों का सर्वांगींण विकास करने में इसमें मदद मिलती है।

# मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है: अविराज सिंह



**विजय मत, मालथौन**

गुरुवार को युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने मालथौन में नवीन प्रतिष्ठान विद्यासागर पेट्रोल पंप का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने पेट्रोल पंप का शुभारंभ करते हुए संचालक वरिष्ठ पार्षद व एल्डरमैन मन्नूलाल जैन सहित मोदी परिवार को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि, आपके भूपेंद्र भैया और मेरा यह संकल्प है कि जिस तरह देश व प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है, उसी तरह मालथौन का भी विकास हो। जब भी हमारे विधानसभा क्षेत्र का कोई व्यक्ति प्रगति करता है, तो ऐसा लगता है कि, हमारे परिवार का कोई सदस्य प्रगति कर रहा है। हमारे क्षेत्र में जितने भी प्राइवेट कार्य होते हैं वे अपनी विधानसभा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में निरंतर गति देते हैं। उन्होंने कहा कि आपके भूपेंद्र भैया के नेतृत्व में लगातार विधानसभा क्षेत्र आगे बढ़ रहा है, प्रगति कर है। इसी तरह हमारी विधानसभा क्षेत्र आगे भी विकास करता रहेगा। हम सब मिलकर विधानसभा क्षेत्र को आगे बढ़ाएंगे और कोई कमी विकास के कार्य में नहीं रखेंगे। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष जयंत सिंह बुंदेला, मंडल अध्यक्ष रामकुमार बघेल, मन्नूलाल जैन, जिन्नू सेठ, रावराजा राजपूत, शम्भूदयाल मिश्रा, राजेन्द्र सिंह लोधी, आशीष पटैरिया, प्रमोद तिवारी, योगेश जैन, रमेश जैन, राजू राजा तोमर, नगर परिषद सीएमओ संजय समुद्रे सहित मालथौन के गणमान्य नागरिक, भाजपा नेता, युवा भाजपा नेता, कार्यकर्ताओं सहित अनेक लोग उपस्थित थे। देर तक आयोजन चला।

# डॉ. भारती ने संगोष्ठी में विश्व साहित्य में श्रीराम विषय पर दिया व्याख्यान

**विजय मत, गढ़ाकोटा**

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ. घनश्याम भारती ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर सारस्वत अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस संगोष्ठी में डॉ. भारती ने विश्व साहित्य में श्रीराम विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। अपना व्याख्यान देते हुए डॉ. भारती ने कहा की विश्व की कई भाषाओं में रामकथा पर केंद्रित 300 से अधिक रामायण लिखी जा चुकी हैं। इन सभी ग्रंथों में रामकथा को व्यापकता के साथ चित्रित किया गया है। डॉ0 भारती ने विदेशों में रामलीला के मंचन पर भी विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व के कई देशों में कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। भारत में नहीं तो अमेरिका तथा अन्य देशों में रामलीला का भविष्य सुरक्षित है, अमेरिका के कैलिफोर्निया में रामलीला कई वर्षों से खेली जा रही है, रामलीला के माध्यम से रामकथा का व्यापक प्रचार-प्रसार हो रहा है। उन्होंने रामकथा के आदिग्रंथ वाल्मीकि रामायण तथा ओरछा के महाकवि केशवदास द्वारा लिखित रामचंद्रिका की भी विस्तृत चर्चा की। आगरा यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा के मानस मर्मज्ञ प्रोफेसर उमापति दीक्षित, आगरा यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर आशुरानी, लंदन के प्रवासी साहित्यकार श्री तेजेंद्र शर्मा, मास्को स्टेट रीजनल यूनिवर्सिटी रूस की प्रोफेसर यूलिया अलेशकीना, प्रोफेसर पूनम सिंह, प्रोफेसर वंदना अग्रवाल, भारत सरकार की हिंदी सलाहकार रुचि चतुर्वेदी, आगरा के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश जैन, रामायण केंद्र मॉरीशस की अध्यक्ष विनोद वाला तथा हिंदी प्रदीप श्रीधर आदि मौजूद थे।

# नगरीय विकास मंत्री ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण किया

**विजय मत, सागर**



म.प्र.शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा संचालित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ वितरण कार्यक्रम खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री .श्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, गौरव सिरोठिया, पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, पूर्व मंत्री नारायणप्रसाद कबीरपंथी, पूर्व विधायक श्रीमती सुधा जैन, श्री भानू राणा एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री, एवं समस्त पार्षदों की उपस्थिति में मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने नगर निगम क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को उनका स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिये प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को 10, 20 एवं 50 हजार रूपये का ऋण उपलब्ध कराने के लिये 18 नवम्बर से 9 दिसम्बर तक चलाये जा रहे, स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखबाड़ा के अंतर्गत स्वीकृत किये गये 402 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्र के 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना अंतर्गत 5 लाख रूपये के निःशुल्क इलाज के लिये आयुष्मान कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इस योजना अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के 5218 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बी.एल.सी.घटक के हितग्राहियों को उनकी अंतिम किश्त रू. 50 हजार की राशि का वितरण किया गया। शहर की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये वरूण एवं ममता को स्वच्छता सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। फायर विभाग में कार्यरत फायर फाईटर श्री मुकेश मिश्रा एवं मदन रैकवार को भाग्योदय तीर्थ अस्पताल में आग बुझाने में तत्परता एवं समय पर फायर गाड़ी लेकर पहुँचने पर एवं वाहन विभाग के रोहित आठया को जेसीबी मशीन से आग लगने के दौरान तत्परता से उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खास खबर

### कालेज में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

# एड्स के प्रति हर व्यक्ति को जागरूक करना होगा: प्राचार्य

**विजय मत, बीना**



गुरुवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत रेड रिबन क्लब ने एड्स रोकने के लिए जन जागरूकता विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ चंद्रा रत्नाकर ने कहा कि भ्रांतियां मिटा दो जमाने से एड्स नहीं फैलता साथ खाने से।उन्होंने कहा कि एड्स जैसी महामारी को यदि जड़ से खत्म करना है तो इस बीमारी के प्रति समाज के हर व्यक्ति को जागरूक करना हम सभी का कर्तव्य है क्योंकि किसी भी देश का विकास वहां के व्यक्ति के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। प्रतियोगिता प्रभारी कीर्ति ठाकुर ने छात्राओं को इस गंभीर बीमारी के बारे में कहा कि लिखे हुए स्लोगन से लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना ही हम सभी का उद्देश्य है। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पहले नंबर पर आई छात्रा दीपाली यादव ने लिखा कि खुद को शिक्षित और जागरूक बनाओ, एड्स की बीमारी से पूरे परिवार को बचाओ। दूसरे नंबर पर मुस्कान विश्वकर्मा और मुस्कान कुशवाहा ने लिखा एड्स है जानलेवा बीमारी है, इस मिटाना हम सब की जिम्मेदारी है। तीसरे नंबर पर आई दीपांशी विश्वकर्मा और शीतल ठाकुर ने लिखा एड्स दिवस पर है यह नारा एड्स मुक्त हो विश्व हमारा। प्रतिभागी अधिकांश छात्रों ने जन जागरूकता के लिए स्लोगन लिखकर समाज को जागरूक करने का काम किया। इस मौके पर डॉ दीप माला सिंह, प्रकाश चंद्र, आरती ठाकुर, नवीन नामदेव, राजीव लोधी, अश्विन सेन सहित छात्राएं मौजूद रही।

**अभियान के तहत किये गये विभिन्न कार्यक्रमः बीना।** हम होंगे कामयाब अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत महिला सुरक्षा के संबंध में स्कूल/कालेज सार्वजनिक स्थानों पर पहुँचकर महिला हैल्पलाईन/चाईल्ड हैल्पलाईन पुलिस हैल्पलाईन आदि नंबरों की जानकारी देकर आम जनमानस में प्रचार प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम किये जाने के तारतम्य में बुधवार को बीना एसडीओपी नितेश पटेल के मार्गदर्शन में आगासौद थाना प्रभारी राधेश्याम पटेल के नेतृत्व में डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल बीना रिफायनरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को गुड टच/बैड टच,सेल्फ डिफेंस, महिला हैल्पलाईन/चाईल्ड हैल्पलाईन पुलिस हैल्पलाईन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस थाना आगासौद से मोतीलाल पायरा, संजय सिंह,आरक्षक युधिष्ठिर रजक द्वारा वक्तव्य दिया गया । कार्यक्रम में करीब 100 छात्र छात्राओं सहित शिक्षक मौजूद रहे।

# 100 करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास मंदिर, संग्रहालय का किया निरीक्षण

**विजय मत, सागर**

संत शिरोमणि रविदास मंदिर का कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें। उक्त निर्देश कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने आज 100 करोड़ की रुपए की लागत से बना रहे संत रविदास मंदिर एवं संग्रहालय की निरीक्षण के दौरान दिए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग के अधिकारी , पवन धाकड़, सचिन मसीह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने संत रविदास जयंती के अवसर पर सागर के वर्तमान में बन रहे 100 करोड़ रुपए की लागत से मंदिर एवं संग्रहालय स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सागर ही नहीं बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष के लिए यह भव्य एवं दिव्य मंदिर होगा। उन्होंने कहा कि मंदिर एवं संग्रहालय बन जाने के बाद यहां संत शिरोमणि रविदास जी की अनुयाई सहित संपूर्ण भारतवर्ष के लोग यहां आकर उनके संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे एवं उनके विचारों से अवगत होंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर एवं संग्रहालय बन जाने से रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। कलेक्टर श्री संदीप जी आर मंदिर स्थल पहुंचकर वहां मौजूद इंजीनियरों से मंदिर के संबंध में सूक्ष्मता से जानकारी ली और बगैर आयरन के तैयार हो रहा 65 फीट ऊंचा गर्भ ग्रह के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मंदिर परिसर में बना रहे विशाल का एक कुंड का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि संपूर्ण संत श्री रविदास मंदिर परिसर में फलदार पौधों का पौधा रोपण करें ।

**तीर्थयात्री 7 दिसंबर को होंगे रवाना: सागर।** धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 07/12/2024 को सागर जिले के चयनित तीर्थ यात्रियों के लिए यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों हेतु सागर रेल्वे स्टेशन पर 7 को दोपहर 12.45 बजे स्पेशल ट्रेन प्रस्थान करेंगे।

## बेहतर साफ-सफाई व संधारण कार्यों से शहर की सुंदरता में लगे चार चांद

# निगम आयुक्त द्वारा की गई निरंतर मॉनीटरिंग ने सड़कों, फुटपाथों सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज आदि को बनाया साफ, स्वच्छ एवं सुंदर

**विजय मत, भोपाल**

नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के दृष्टिगत शहर के सभी प्रमुख एवं अन्य मार्गों/सड़कों, चैराहों, रोटरियों, सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज, फुटपाथ, बस स्टॉप, फेंसिंग, बाउंड्रीवॉल आदि की बेहतर साफ-सफाई एवं पेड़-पौधों को संधारित कर पुताई-पेंटिंग करने हेतु की गई प्रभावी कार्यवाही से शहर के सभी प्रमुख व अन्य मार्ग व फुटपाथ आदि न सिर्फ साफ, स्वच्छ रहे बल्कि इनकी स्वच्छता एवं संधारण ने शहर की नैसर्गिक सुंदरता में चार चांद लगा दिए है। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा सड़कों आदि की साफ-सफाई सहित रोटरियों, सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज व अन्य हरित क्षेत्रों के बेहतर संधारण हेतु किए जा रहे कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग ने सुंदरता में वृद्धि की है।



निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अमले ने लिंक रोड नंबर 01, 02 तथा 03, चार इमली चैराहा, 05 नंबर चैराहा, नूतन कॉलेज चैराहा, माता मंदिर चैराहा, शिवाजी चैराहा, व्यापम चैराहा, बोर्ड ऑफिस, रेतघाट, व्ही.आई.पी चैराहा, राजाभोज सेतु, जैन कीर्ति स्तम्भ स्थल, पॉलीटेक्निक चैराहा, बाण गंगा रोड, न्यू मार्केट, नेहरू नगर, एम.पी. नगर जोन-1, सुभाष नगर रोड आदि मार्गों से कचरा, धूल, मिट्टी पूरी तरह से साफ कराने के साथ ही इन सड़कों, मार्गों, स्थानों पर स्थित रोटरियों, चैराहों, सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज आदि को बेहतर ढंग से संधारित किया गया और पुताई एवं पेंटिंग कर बेहतर स्वरूप दिया गया और पेड़-पौधों की भी बेहतर ढंग से निंदाई-गुडाई, सिंचाई आदि की व्यवस्था निरंतरता के साथ की गई। निगम के प्रयासों के परिणामस्वरूप आज शहर के सभी प्रमुख व अन्य मार्ग भोपाल शहर की नैसर्गिक सुंदरता में और वृद्धि कर रहे है।

# अवधपुरी के रहवासियों को जल्द मिलेगा नर्मदा जलः कृष्णा गौर

**विजय मत, भोपाल**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि अवधपुरी के रहवासियों को जल्द ही नर्मदा जल मिलेगा। गौर ने गुरुवार को अवधपुरी के वार्ड-60 में विकास कार्यों का भूमि- पूजन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से न्यू फोर्ट एक्सटेंशन और जवाहर नगर के रहवासियों को सड़क के निर्माण की दरकार थी, जो आज पूरी होने जा रही है।

उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप क्षेत्र में सड़कों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही न्यू फोर्ट एक्सटेंशन में भी अन्य समस्याओं का निराकरण में शीघ्र किया जाएगा। अवधपुरी के वार्ड 60 में रीगल सिविक सेंटर से पत्रकार



कॉलोनी तक लागत 37 लाख रुपए लागत के सड़क मरम्मत कार्य के विकास कार्य का भूमि-पूजन किया । राज्यमंत्री गौर अवधपुरी के वार्ड 60 में शिवशक्ति धाम मंदिर से जवाहर नगर तक सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया, जिसकी लागत 20 लाख रुपए है। इस दौरान पार्षद वी शक्तिराव, मधु सबनानी, शिवलाल मकोरिया, संजय सबनानी, गणेश राव, आनंद पाठक और क्षेत्र के रहवासी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज इन शॉर्ट

### बिजली चोरी के मामले में 35 हजार 482 रूपये का जुर्माना लगाया

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के मुलताई में विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम जिला बैतूल ने बिजली चोरी के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 35 हजार 482 रुपये के अर्थदंड तथा अदायगी नहीं करने पर 4 माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बैतूल वृत्त अंतर्गत ग्राम छिंदी तहसील मुलताई में चेकिंग के दौरान लालजी आत्मज बातू पाठेकर द्वारा उनकी आटा चक्की में स्थापित कनेक्शन में डायरेक्ट कट लगाकर विद्युत चोरी पकड़ते हुए, माननीय न्यायायल के समक्ष परिवाद दायर किया गया था। इस पर विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम मुलताई पंकज चतुर्वेदी ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी लालजी पाठेकर को सजा सुनाई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इस निर्णय के परिप्रेक्ष्य में सभी आम लोगों से आग्रह किया है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। अनाधिकृत या अवैध रूप से बिजली चोरी दण्डनीय अपराध है तथा इसमें जुर्माना और कारावास का भी प्रावधान है।

### डबल मुंडी और इल्ली नाम के बदमाशों ने विवाहिता से की अशलील छेड़छाड़

**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना इलाके में रात के समय घर के पास ही रहने वाले रिश्तेदार के घर जा रही विवाहिता के साथ आदतन बदमाशो द्वारा छेड़छाड़ किये जाने की घटना सामने आई है। थाना पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 28 वर्षी विवाहिता ने पति के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया की वह गृहिणी है। 2-3 दिसंबर की रात करीब एक बजे वह जरुरी काम होने पर पास में रहने वाली अपनी रिशतेदार के घर जा रही थी। रास्ते में ही उसे मोहल्ले में रहने वाले आरोपियो हामिद उर्फ डबल मुंडी और दानिश उर्फ इल्ली नामक बदमाशो ने पकड़ लिया और अश्लील बातें कहने लगे। जैसै-तैसै उनके चुगंल से छूटकर विवाहिता घर पहुंची और सारी बात पति को बताई। अगले दिन पति उसे लेकर थाने आया जहॉ दोनो आरोपियो के खिलाफ मामला कायम कर पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### डिवाइडर से टकराई बाइक चला रहे युवक की दर्दनाक मौत

**भोपाल।** बैरसिया थाने के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक तेज रफ्तार से बाइक लेकर जा रहा था, जो अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि निशातपुरा करोद इलाके में स्थित बृज कॉलोनी के पास रहने वाला गुलशन शाक्या पिता परवल शाक्या (24) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। उसका परिवार पहले पहले बैरसिया में रहता था। गुलशन बैरसिया में रहने वाले अपने दोस्त विक्की से मिलने आया था। 4-5 दिसंबर की दरम्यानी रात वह दोस्त से मिलकर बाइक से वापस निशातपुरा लौट रहा था। रात करीब एक बजे बैरसिया थाने के पास मेन रोड पर उसकी तेज रफ्तार बाइक अचानक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। हादसे में उसे घातक चोटें आई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि उसके पास रखे मोबाइल पर फोन आया जिसके आधार पर उसकी पहचान हो गई थी। पुलिस ने उसे इलाज के लिये बैरसिया अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मर्ग कायम कर पुलिस आगे की जॉच कर रही हैं।

### भेल तकनीशियन के सूने मकान पर चोरो ने बोला धावा

**भोपाल।** शहर के पिपलानी थाना इलाके में रहने वाले भेल तकनीशियन को मकान पर ताला डालकर शहर से बाहर जाना महंगा पड़ गया। इस बीच उनके सूने मकान पर धावा बोलते हुए चोरों सोने-चांदी जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के अनुसार डी-2 सेक्टर में बने सरकारी मकान में रहने वाले राघवेंद्र प्रसाद पांडे पिता सुरेंद्र प्रसाद पांडे (39) ने अपनी शिकायत में बताया की वह भेल में तकनीशियन के पद पर नौकरी करते है। बीती 22 नवंबर को वह पारिवारिक कारणो से मकान पर ताला लगाकर शहडोल चले गए थे। मकान की देखरेख के लिये वह अपने पड़ोसी बालकिशन बामने को ताले की चाबी दे गए थे। बालकिशन ने उनके जाने के दो दिन बाद ही फोन कर बताया कि वह रात करीब 8 बजे अपनी बेटी को इलाज के अस्पताल लेकर गए थे। जब वह वहां से वापस आये तो उन्हें राघवेंद्र प्रसाद पांडे के मकान का ताला नजर आया। सूचना मिलने पर फरियादी परिवार सहित वापस लौट आए। घर में चैक करने पर लैपटॉप, अलमारी में रखी नगदी सहित जेवरात गायब थे। जॉच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

## 5 मिनट की देरी पर 40,500 रुपये जुर्माना देना होगा

# चेन पुलिंग पर डिटेंशन चार्ज वसूलेगा रेलवे प्रति मिनट ठहराव पर 8 हजार रुपया जुर्माना

**विजय मत, भोपाल**

अब ट्रेन रोकने के लिए चेन पुलिंग करना यात्रियों को महंगा पड़ेगा। रेलवे ने बिना गंभीर वजह के चेन पुलिंग करने वालों से जुर्माना वसूलने का नया नियम लागू किया है। इस नियम के तहत जुर्माने की राशि तो पहले से 500 रुपये थी, लेकिन अब इसके साथ ट्रेन के ठहराव का खर्च भी जोड़ा जाएगा। यह खर्च अब एक मिनट के लिए 8,000 रुपये के हिसाब से लिया जाएगा। इससे अगर ट्रेन 5 मिनट भी रुकी तो यात्री को 40,500 रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा। इस नए नियम का मकसद चेन पुलिंग को रोकना और ट्रेन समय पर चलाना है, क्योंकि इससे न केवल ट्रेन की गति रुकती है, बल्कि रेलवे को भी भारी नुकसान होता है।



### भोपाल रेल मंडल में हुई कार्रवाई

भोपाल रेल मंडल में पिछले तीन महीनों में 1,262 मामलों में कार्रवाई की गई है, जिसमें कुल 2 लाख 90 हजार 775 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। यह आंकड़ा बताता है कि रेलवे ने इस नए नियम को सख्ती से लागू करने का मन बना लिया है और चेन पुलिंग को लेकर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है।

### चेन पुलिंग के दौरान उठाए गए और कदम

रेलवे ने यह भी कहा है कि चेन पुलिंग के दौरान कई बार यात्री ट्रेन से उतरकर भागने लगते हैं। अब नई व्यवस्था के तहत, चेन पुलिंग के दौरान उतरने या चढ़ने की कोशिश करने वालों पर भी जुर्माना लगाया जाएगा।

### किन कारणों से चेन पुलिंग पर जुर्माना नहीं लगेगा?

हालांकि, रेलवे ने यह भी साफ किया है कि कुछ विशेष परिस्थितियों में चेन पुलिंग पर जुर्माना नहीं लिया जाएगा। अगर यात्री की जान को खतरा हो, जैसे वह गिरने की स्थिति में हो और दुर्घटना से बचने के लिए चेन पुलिंग की जाए, तो इस पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा।

# मध्य प्रद्रेश में 15 दिसंबर के बाद जोर पकड़ेगी सर्दी

## तूफान के असर से छाएगी धुंध



**विजय मत, भोपाल**

भोपाल सहित पूरे प्रदेश के मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। 2 दिन ब्रेक के बाद फिर रात का पारा ऊपर चढ़ गया है। इसके साथ ही दिन का पारा बढ़त के साथ दर्ज हुआ। इसकी वजह फेगल तूफान के चलते हवा का रुख में बदलाव होना है। फेगल तूफान की वजह से उत्तरी की जगह पूर्वी हवा चल रही है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार दो से तीन दिन तक अभी भी रात का तापमान में गिरावट की संभावना नहीं है, साथ ही धूध छाएगी। वहीं 15 दिसंबर के बाद सर्दी जोर पकड़ेगी।

बर्फीली हवा की वजह से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में दिन में ठंडक बढ़ गई है। यहां दिन के पारे में 3 डिग्री की गिरावट हुई है। दूसरी ओर, फेंगल तूफान ने रात के टेम्परेचर को बढ़ा दिया है। कई शहरों में तो पारा 17 डिग्री के पार है। अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। फिर रात के तापमान में भी गिरावट होने लगेगी। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया-फेंगल तूफान की वजह से पूरे प्रदेश में बादल छाए हुए हैं।

## कोलार जलप्रदाय संयंत्र पर विद्युत कम्पनी द्वारा शट डाउन लिए जाने के कारण आज अनेक क्षेत्रों में जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा

**विजय मत, भोपाल**

कोलार जलप्रदाय परियोजना संयंत्र पर विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा शुक्रवार, 06 दिसम्बर 2024 को शट डाउन लिए जाने के कारण कोलार परियोजना से होने वाला जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। विद्युत प्रदाय अवरूद्ध रहने के कारण निम्न क्षेत्रों में जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। बरखेड़ीकला क्षेत्र, डी.आर.पी. लाईन क्षेत्र, नया सबरी नगर क्षेत्र, नया बसेरा, ए.जी.कालोनी, राजीव नगर बस्ती, पंपापुर, शिवाजी नगर, तुलसी नगर, ई-6 अरेरा कालोनी क्षेत्र, जनता क्वार्टर क्षेत्र, बैंक कालोनी, नुपुरकुंज, पारस सिटी, ई-7 अरेरा कालोनी, एम.आई.जी, एल.आई.जी, वार्ड 49 मल्टी, अंसल प्रधान, दानापानी, फार्चयून शालीमार, आरिफ नगर, 06 गलियों, छोटी मस्जिद के पास वाली गलियां, निशातपुरा क्षेत्र, न्यू आरिफ नगर, नुजहत आफता, रेशम केन्द्र, राम मंदिर, हमीदिया रोड, संगम टॉकीज, गुरूबख्श की तलैया, बाल विहार, मेडिकल स्ट्रीट, गुजरात कोल्ड्रिंक, खजूर वाली गली, शांति नगर, इब्राहिमगंज, कबाड़खाना, छोला विश्राम घाट, सपना लाज क्षेत्र, पिंजुमल धर्मशाला, चैकसे नगर, रंभा नगर, अली अजीज की मस्जिद, काजी कैम्प रोड, इब्राहिमपुरा, मालवाड़ी रोड, कोतवाली रोड, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, मंगलवारा, इतवारा, आजाद मार्केट, इस्लामपुरा, कंजरपुरा, तलैया थाना, बुधवारा, वहीदिया स्कूल, पठार वाली गली, नूर महल रोड, बलाईपुरा, बढ़ाईपुरा, अमर बस्ती, पायगा नूर महल, चैकी इमामवाड़ा, हवा महल रोड, शास्त्री नगर, 228 क्वार्टर न्यू ओल्ड, सुनहरी बाग क्षेत्र, 12 दफ्तर की झुग्गियां, न्यू एम.एल.ए. क्वार्टर आदि क्षेत्रों में जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा।

निगम प्रशासन ने जलप्रदाय प्रभावित होने के कारण नागरिकों को होने वाली असुविधा पर खेद व्यक्त करते हुए सहयोग की अपील की है।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने 11 दिन बाद तोड़ा दम

**भोपाल।** शहर के देहात इलाके ईटंखेड़ी में सड़क हादसे में युवक को सिर में घातक चोटें आई थी। उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहॉ 11 दिन चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इलाके में स्थित ग्राम लांबाखेड़ा में रहने वाला 24 वर्षीय दीपक धाकड़ निजी काम करता था। बीती 23 नवंबर को उसे इलाके में ही अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया था। हादसे में गंभीर रुप से घायल युवक को इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पता में करीब 11 दिन चले इलाज के बाद दीपक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है।

# जिले को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में फूड पार्क महत्वपूर्ण कदमः प्रहलाद पटेल

## भिण्ड जिले के ग्राम नुन्हाटा में बनेगा फूड पार्क

**विजय मत, भोपाल**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम एवं भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में भिण्ड में पहली बार इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय के सभागृह में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला सहित विधायक, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, इन्वेस्टर्स, विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री पटेल ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि अपार संभावनाएं भी खुलेंगी। इस क्षेत्र में निवेश जिले की कृषि उत्पादकता को बढ़ाएगा।किसानों की आय में वृद्धि होगी और मूल्य संवर्धन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त होगी। ऐसे प्रयास जिले को आर्थिक रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।निवेशकों की हर संभव मदद की जाएगी है। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि सरकार राज्य में विभिन्न उद्योगों में निवेश बढ़ाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है, मध्यप्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि आज भिण्ड के ब्रांड को दुनिया में पहुंचाने की जरूरत है। जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के लगातार प्रयासों से एमएसएमई विभाग के अंतर्गत ग्राम नुन्हाटा में लगभग 300 हैक्टेयर भूमि पर फूड पार्क प्रस्तावित है।



**सफलता का सफर** — एक किसान से सफल उद्यमी बनने की प्रेरणादायक कहानी

# सरकारी योजना का सही उपयोग कर प्रमोद पाटीदार ने की सफलता हासिल

**विजय मत, भोपाल**

भोपाल जिले के ग्राम पंचायत मुगलिया हाट के निवासी-प्रमोद पाटीदार ने अपनी मेहनत, दूरदर्शिता और सरकार की योजनाओं का सही उपयोग कर एक ऐसी कहानी लिखी है जो आज कई नवोदित उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। यह कहानी है एक छोटे किसान परिवार के सदस्य के संघर्ष और सफलता की, जिसने अपनी सोच और परिश्रम से अपने सपनों को हकीकत में बदल दिया।

प्रमोद पाटीदार का जन्म एक साधारण किसान परिवार में हुआ। उनके पिताजी वर्ष 2010 में मुगलिया हाट में खेती-बाड़ी करने लगे और इसी से परिवार का पालन-पोषण करते थे। खेती के साथ ही उनके पिताजी ने अपने मेहनत से सीमेंट कंक्रीट के पेवर ब्लॉक बनाने का कार्य भी शुरू किया। यह काम छोटे स्तर पर था, लेकिन इससे परिवार की आर्थिक स्थिति को कुछ हद तक स्थिरता मिली। प्रमोद ने अपने पिता के इस छोटे उद्योग को देखा और महसूस किया कि इसे बड़े स्तर पर ले जाया जा सकता है। वर्ष 2018-19 में जब ग्राम पंचायत सचिव ने उन्हें खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की पीएमईजीपी योजना के बारे में बताया, तब उन्होंने इस मौके को अपने सपनों को पूरा करने का जरिया बनाया। प्रमोद ने न केवल इस योजना को समझा, बल्कि इसे अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और अपने छोटे उद्योग को विस्तार देने का साधन बनाया। प्रमोद ने खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग से पीएमईजीपी योजना अंतर्गत पहली बार 10 लाख रुपए का लोन लिया।



इस लोन के तहत सरकार ने उन्हें 35त्न की सब्सिडी प्रदान की। इस वित्तीय सहायता से उन्होंने मुगलिया हाट में सीमेंट कंक्रीट की बाउंड्री वॉल और पेवर ब्लॉक का छोटा उद्योग स्थापित किया। प्रमोद की मेहनत और व्यवसाय के प्रति उनकी लगन ने जल्द ही इस उद्योग को सफल बना दिया। पहले लोन को समय पर चुकाने के बाद प्रमोद ने विभाग से 30 लाख रुपए का दूसरा लोन लिया। इस लोन से उन्होंने अपने उद्योग को और अधिक विस्तार दिया। उन्होंने सीमेंट ब्लॉक चैनल और रेडीमेड बाउंड्री वॉल बनाने का कार्य शुरू किया। प्रमोद की यह सोच और मेहनत ही थी, जिसने उन्हें न केवल एक सफल उद्यमी बनाया, बल्कि उन्होंने अपने उद्योग के जरिए 10-12 लोगों को रोजगार भी प्रदान किया।

आज प्रमोद पाटीदार भोपाल जिले के एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनके उद्योग में निर्मित सीमेंट कंक्रीट के पेवर ब्लॉक और रेडीमेड बाउंड्री वॉल की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि यदि सही दिशा में मेहनत की जाए और उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग किया जाए, तो किसी भी सपने को साकार किया जा सकता है। प्रमोद न केवल अपने परिवार के लिए प्रेरणा बने हैं, बल्कि उन्होंने अपने उद्योग के माध्यम से समाज के अन्य लोगों को भी रोजगार देकर उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने में योगदान दिया है। उनके उद्योग में काम करने वाले 10-12 लोगों को न केवल एक स्थिर आय का साधन मिला है, बल्कि वे भी प्रमोद की तरह अपने भविष्य के सपने देखने लगे हैं।

## साथी एसआई से थी पत्नि की नजदीकियां, भनक लगने के बाद होने लगा था पत्नि से विवाद

» पत्नि-साली की हत्या करने वाले आरोपी एएसआई से पूछताछ जारी

**विजय मत, भोपाल**

राजधानी के ऐशबाग थाना इलाके के सुभाष नगर स्थित एक बिल्डिंग के फ्लैट में रहने वाली अपनी पत्नि गुड़िया उर्फ विनीता मरावी पत्नि योगेश मरावी (40) और साली मेघा उइके पिता जयपाल सिंह (35) चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी एएसआई योगेश मरावी ने पुलिस पूछताछ पत्नि के सबंधो को लेकर कई खुलासे किए हैं। आरोपी एएसआई योगेश मरावी ने खुलासा किया की उसकी पत्नि की एक एसआई से काफी नजदीकियां थी। वह एसआई पूर्व में योगेश के साथ मैहर में पदस्थ रह चुका है। उस समय दोनों की दोस्ती हुई और पहचान बढ़ने पर एक-दूसरे के घर आना-जाना शुरु हो गया था। बताया जाता है, इसी दौरान एसआई और विनीता क खासी पहचान हो गई थी। इसकी भनक योगेश को लगने पर उनके बीच झगड़े होने लगे थे। करीब 4 महीनों से मनमुटाव बढ़ने पर विनीता मायके जाकर रहने लगी थी। बाद में उसे भोपाल में रहने वाली छोटी बहन मेघा ने अपने पास रहने के लिये बुला लिया था। सूत्र बताते है की योगेश को भनक लगी की भोपाल में विनीता का उस एसआई से मिलना जुलना जारी है, और वह विनीता और मेघा के फ्लैट पर रुका हुआ है। इस बात को लेकर भी उसका पत्नि से फोन पर काफी झगड़ा हुआ था। गुस्से में भरा योगेश दोनों को जान से मारने की नियत से सोमवार देर रात ही मंडला से निकलकर मंगलवार सुबह भोपाल पहुंचा था। जब नौकरानी की आवाज सुनकर फ्लैट का दरवाजा खुला तब उसके पीछे से आये योगेश ने फ्लैट में घुसकर दोनों बहनों की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी। दोनो की हत्या के बाद योगेश पत्नि के प्रेमी एसआई की हत्या करने के बाद खुदकुशी करना चाहता था।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष में भारत और हिंदू मोहरा बने?

बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को भारत सरकार ने पनाह दे रखी है। जिस तरह से उन्होंने धांधली कर चुनाव जीता था, उसके बाद से ही उनके खिलाफ बांग्लादेश में वातावरण बनने लगा था। रही सही कसर अदानी समूह के साथ बिजली समझौते ने बांग्लादेश की राजनीति और सत्ता संघर्ष को बढ़ाने का काम किया। कहा जाता है, शेख हसीना ने इस समझौते में भारी भ्रष्टाचार करते हुए बिजली का अनुबंध किया था। बांग्लादेश में चुनाव जीतने के लिए जिस तरह से चुनाव कराए गए थे। विपक्षियों को चुनाव में भाग लेने से रोका गया था। उसके बाद से ही शेख हसीना को बांग्लादेश में चारों तरफ से चुनौतियां मिलना शुरू हो गई थी। वह तानाशाही की तरफ बढ़ती चली जा रही थीं। विपक्षियों का दमन किया जा रहा था। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मामलों में शेख हसीना सरकार की उपेक्षा के परिणाम स्वरूप छात्र आंदोलन सड़कों पर आ गया। आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर गोलियां चलाई गई। इससे माहौल बुरी तरह से बिगड़ गया। एक समय ऐसा भी आया, जब शेख हसीना को अपनी जान बचाकर बांग्लादेश से भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। भारत में शरण लेने के बाद वह निरंतर यूनुस सरकार पर हमलावर हैं। जिसके कारण बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। इसका असर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और भारत के संबंधों पर पड रहा है। शेख हसीना के समय बांग्लादेश में जिस तरीके का नरसंहार हुआ था। पुलिस और सेना ने आम नागरिकों के ऊपर जिस तरह के अत्याचार किए थे। हाल ही में शेख हसीना ने नरसंहार के लिए उस समय के निर्वासित नेता यूनुस को जिम्मेदार ठहराने वाला बयान दिया है। 4 माह पहले शेख हसीना बांग्लादेश से जान बचाकर भारत में शरण ली है। वह भारत में बैठकर जिस तरीके के बयान लगातार दे रही हैं। उसके कारण भारत के बांग्ला देश के साथ संबंध लगातार खराब हो रहे हैं।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# डॉक्टर अम्बेडकर का आर्थिक दृष्टिकोण

**प्रहलाद सबनानी**

आज भारत, पूरे विश्व में आर्थिक दृष्टि से एक सशक्त राष्ट्र बनकर उभर रहा है। वैश्विक स्तर पर कार्य कर रहे वित्तीय एवं निवेश संस्थान भारत की आर्थिक प्रगति की मुक्त कंठ से सराहना कर रहे हैं। भारत आज विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है और सकल घरेलू उत्पाद के मामले में विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तथा संभवतः आगामी दो वर्षों में ही जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थ बनने की ओर भारत आज अग्रसर है। इसी प्रकार, भारत आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा शक्तिशाली देश भी बन चुका है एवं भारत का शेयर बाजार भी आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा पूंजी बाजार बन चुका है। भारत ने वर्ष 1947 में जब राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी तब भारत की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय थी। परंतु, वर्ष 1991 के बाद भारत में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में लागू किए सुधार कार्यक्रमों के बाद एवं विशेष रूप से वर्ष 2014 के बाद से भारत की आर्थिक विकास दर में लगातार सुधार हो रहा है एवं भारत आज उक्त स्थिति में पहुंच गया है। डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर ने भी भारत द्वारा राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत के आर्थिक विकास का सपना देखा था एवं अर्थशास्त्र विषय पर उनकी अपनी अलग सोच थी। यह देश का दुर्भाग्य था कि भारत की राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात उन्हें आर्थिक क्षेत्र में काम करने का मौका ही नहीं मिला। अन्यथा, आज भारत की आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत बन गई होती।


डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर विशेष लेख

डॉक्टर साहेब ने जिन विषयों पर अपने शोध कार्य किए थे उनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं - भारतीय मुद्रा (रुपए) की बाजार मूल्य (विनिमय दर) की समस्या, महंगाई की समस्या, भारत का राष्ट्रीय लाभांश, ब्रिटिश भारत में प्रांतीय वित्त का विकास, प्राचीन भारतीय वाणिज्य, ईस्ट इंडिया कम्पनी का प्रशासन एवं वित्त, भूमिहीन मजदूरों की समस्या तथा भारतीय कृषि की समस्या। उक्त विषयों पर आपने केवल शोध कार्य ही सम्पन्न नहीं किया बल्कि इनसे सम्बंधित कई समस्याओं के व्यावहारिक एवं तार्किक हल भी सुझाए थे। अर्थशास्त्र के प्रतिष्ठित प्राध्यापक श्री अंबीराजन जी ने मद्रास विश्वविद्यालय में अपने अम्बेडकर स्मृति व्याख्यान में कहा था कि अम्बेडकर उन पहले भारतीयों में से एक थे, जिन्होंने अर्थशास्त्र में औपचारिक शिक्षा पाई और एक पेशेवर की तरह ज्ञान की इस शाखा का अध्ययन और उपयोग किया। भारतीय अर्थशास्त्र की परम्परा प्राचीन है। भारत में सदियों पहले 'अर्थशास्त्र', 'शुक्रनीति' और 'तिरुक्कुरल' जैसे ग्रंथ लिखे गए जबकि पश्चिम में अर्थशास्त्र का औपचारिक शिक्षण, 19वीं सदी के मध्य में प्रारम्भ हुआ। यह देश का दुर्भाग्य रहा कि तत्कालीन सरकारों ने डॉक्टर साहब की अर्थ के क्षेत्र में गहन समझ एवं अधय्यन का लाभ नहीं उठाया। डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार जी ने उस खंडकाल में ही कई देशों में तेजी से पनप रहे पूंजीवाद के दोषों को पहिचान लिया था तथा पूंजीवाद का पुरजोर विरोध करते हुए उन्होंने भारत में राष्ट्रीयत्व को प्राथमिकता देने का आह्वान किया था। बाद में, पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने भारत को 'एकात्म मानववाद' का सिद्धांत दिया, इस सिद्धांत के आर्थिक पक्ष को उभारते हुए पंडित दीनदयाल जी कहते थे कि सत्ता में रहने वाले दल की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि समाज में पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तक विभिन्न आर्थिक योजनाओं का लाभ पहुंचे, अन्यथा उस दल को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। बाद के खंडकाल में श्री दत्तोपंत जी ठेंगड़ी जी ने भी अर्थ को राष्ट्रीयत्व से जोड़ा था तथा इस संदर्भ में भारतीय नागरिकों में ÷स्व÷ के भाव को विकसित करने पर जोर दिया था। इसी प्रकार, डॉक्टर अम्बेडकर के आर्थिक दर्शन में भी लगभग यही दृष्टि दिखाई देती हैं। डॉक्टर साहेब भी आर्थिक एवं सामाजिक असमानता पैदा करने वाले पूंजीवाद के एकदम खिलाफ थे।

वर्ष 1923 में डॉक्टर अम्बेडकर ने लंदन स्कूल आफ इकोनोमिक्स से डीएससी (अर्थशास्त्र) की डिग्री प्राप्त की थी। डीएससी की थीसिस का विषय था "The Problem of the Rupee - Its Origin and its Solution" और, आपने उस समय पर रुपए के अवमूल्यन जैसी गम्भीर समस्या पर अपना शोध कार्य सम्पन्न किया था, जो उस खंडकाल में सबसे महत्वपूर्ण और व्यावहारिक विषय का शोध कहा जाता है। आपने वर्ष 1923 में ही वित्त आयोग की चर्चा करते हुए सुझाव दिया था कि वित्त आयोग का प्रतिवेदन प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल पर अवश्य आना चाहिए। साथ ही, लगभग इसी खंडकाल में आपने भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना का ब्लूप्रिंट तैयार करने में अपना योगदान दिया था। बाद में, भारतीय रिजर्व बैंक ने डॉक्टर साहेब के इस योगदान को स्वीकार करते हुए अपनी स्थापना के 81 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में डॉक्टर अम्बेडकर के नाम पर कुछ सिक्के जारी किए थे।

डॉक्टर साहेब कृषि क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते थे और कृषि क्षेत्र के विकास के हिमायती थे। परंतु साथ ही, आप बड़े आकार के उद्योग के खिलाफ भी नहीं थे। आपका स्पष्ट मत था कि औद्योगिक क्रांति पर जोर देने के साथ साथ कृषि क्षेत्र को नजर अन्दाज नहीं किया जा सकता है। क्योंकि, देश की अधिकतम आबादी ग्रामों में निवास करती है एवं यह अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है और फिर उद्योग क्षेत्र के लिए कच्चा माल भी तो कृषि क्षेत्र ही प्रदान करता है। आधुनिक भारत की इमारत कृषि क्षेत्र के विकास पर ही खड़ी हो सकेगी। इन्हीं विचारों के दृष्टिगत आपने कृषि क्षेत्र के पुनर्गठन के लिए क्रांतिकारी उपाय सुझाए थे। जैसे, कृषि योग्य भूमि के राष्ट्रीयकरण की आप वकालत करते थे। आप राज्य को यह दायित्व सौपने की सोचते थे कि राज्य नागरिकों के आर्थिक जीवन को इस प्रकार योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाए कि उससे नागरिकों की उत्पादकता का सर्वोच्चय बिंदु हासिल हो जाय, इससे इन नागरिकों की आय में वृद्धि होगी और उनका जीवन स्तर ऊपर उठाया जा सकेगा। साथ ही, निजी उद्योग को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए और देश की सम्पदा का समाज में वितरण करने के भी प्रयास किए जाने चाहिए। कृषि के क्षेत्र में राजकीय स्वामित्व का नियोजन भी होना चाहिए ताकि सामूहिक रूप से खेती को बढ़ावा दिया जा सके तथा इसी प्रकार उद्योग के क्षेत्र में निजी क्षेत्र को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कृषि एवं उद्योग क्षेत्रों के लिए आवश्यक पूंजी की व्यवस्था राज्य द्वारा की जानी चाहिए। "Small Holdings in India and their Remedies" नामक शोधग्रंथ डॉक्टर अम्बेडकर ने वर्ष 1918 में लिखा था। यह शोधग्रंथ, भारत में किसानों के सम्बंध में जमीनी यथार्थ की व्याख्या करने में उनके कौशल और आर्थिक समस्याओं के लिए व्यावहारिक नीतियों का सुझाव देने में इनकी प्रवीणता को दर्शाता है। उनकी इस शोधपत्र में की गई व्याख्या आज भी भारत में कृषि क्षेत्र के लिए प्रासंगिक है। आपका विचार था कि श्रम, पूंजी और संयंत्र - तीनों भारत में कृषि उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

> "डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर को हम केवल भारत के संविधान निर्माता के रूप में ही जानते हैं। परंतु, उन्होंने अपनी स्नातक एवं पीएचडी की पढ़ाई विश्व के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र विषय में ही की थी। अर्थशास्त्र उनका बचपन से ही पसंदीदा विषय रहा है। अर्थशास्त्र के विभिन्न विषयों पर उनके उल्लेखनीय शोध कार्य भी आज भी प्रासंगिक हैं। उक्त कारणों के चलते उनके सामाजिक कार्यों पर भी अर्थशास्त्र की छाप दिखाई देती थी। वे महिलाओं एवं दलितों को उद्यमी बनाने की बात करते थे तथा इस कार्य में तत्कालीन सरकार से इस संदर्भ में इन वर्गों की सहायता की अपील भी करते थे। उनका स्पष्ट मत था की आर्थिक उत्थान के बिना कोई भी सामाजिक एवं राजनैतिक भागीदारी संभव नहीं होगी।"

# ओजोन रिक्तीकरण के कारण त्वचा कैंसर

**संजय गोस्वामी**

ओजोन रिक्तीकरण के कारण पराबैंगनी विकिरण की बढ़ी हुई मात्रा पृथ्वी तक पहुंच सकती है जिससे त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के अधिक मामले हो सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि यूवी के बहुत अधिक संपर्क से मेलेनोमा में वृद्धि हो रही है, जो सभी त्वचा कैंसरों में सबसे घातक है। ओजोन परत की खोज सबसे पहले 1913 में फ्रांसीसी भौतिकविदों चार्ल्स फैब्री और हेनरी बुइसन ने की थी। पृथ्वी का वायुमंडल विभिन्न परतों या क्षेत्रों में विभाजित है। उदाहरण के लिए, क्षोभमंडल (0-12 किमी), समताप मंडल (12-50 किमी), मध्यमंडल (50-80 किमी) आदि। लगभग 90त्न ओजोन समताप मंडल में पाया जाता है। इसलिए, समताप मंडल को ओजोन क्षेत्र या ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन परत वास्तव में ओजोन गैस की 20 किमी लंबी परत है। एक मोटी परत होती है. यह परत भूमध्य रेखा पर पतली तथा ध्रुवों पर मोटी होती है। यह परत पृथ्वी के चारों ओर मौजूद है जो सूर्य के लिए फिल्टर का काम करती है। यह सूर्य की अधिकांश पराबैंगनी विकिरणों (यूवी) को अवशोषित करता है।समताप मंडल में ओजोन की सांद्रता उसी परत में मौजूद अन्य गैसों की तुलना में बहुत कम है। ओजोन परत में ओजोन की मात्रा 10 पी.पी.एम. है। (प्रति मिलियन भाग) से थोड़ा कम लेकिन कुल मिलाकर पृथ्वी के वायुमंडल में ओजोन की औसत सांद्रता लगभग 0.3 पीपीएम है। ओजोन परत पृथ्वी से लगभग 15 किमी ऊपर है। से 35 कि.मी. यह मुख्यतः समताप मंडल के निचले हिस्से में पाया जाता है, हालाँकि इसकी मोटाई मौसम और भौगोलिक दृष्टि से बदलती रहती है। ओजोन परत की मोटाई दुनिया भर में एक समान नहीं है और आमतौर पर भूमध्य रेखा के पास पतली और ध्रुवों के पास मोटी होती है।ओजोन छिद्र क्या है और इसकी खोज कब हुई थी? परिभाषा के अनुसार ओजोन छिद्र ऐसा कोई छिद्र नहीं है जहां ओजोन मौजूद न हो। यह वास्तव में अंटार्कटिक महासागर के ऊपर समताप मंडल में असामान्य रूप से क्षीण ओजोन का एक क्षेत्र है, जहां यह दक्षिणी गोलार्ध वसंत (अगस्त-अक्टूबर) की शुरुआत में होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# आओ एक और एक ग्यारह बनें-बटेंगे तो कटेंगे एक हैं तो सेफ हैं, पूरे भारत के परिपेक्ष में सकारात्मक सोचें

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर भारत में गूंज रहे नारों बाटेंगे तो काटेंगे, एक हैं तो सेफ़ हैं का आगाज़ पूरी दुनियाँ के हर देश में हो रहा है, लोग अपने-अपनी सोच से इसका अर्थ निकाल रहे हैं। मैंने 3 दिसंबर 2024 को सुबह सोशल मीडिया में एक हमारे मुस्लिम भाई के विचार सुने तो उनकी बुद्धि का लोहा माना,उन्होंने कहा यह दोनों नारे हमारे पूरे भारत की जाति धर्म मतभेद दंगे फसाद भुलाकर एक होने के लिए है, ताकि हम भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, विकसित देश व वैश्विक गुरु बना सके अगर हम आपस में ही जाति धर्म में उलझे रहे तो विज़न 2047 कभी पूरा नहीं होगा, इसलिए यह दोनों नारे सटीक बैठ रहे हैं इसका अर्थ एक और एक ग्यारह से लगाएं,जाती धर्म समुदाय से जोड़कर ना देखे!! बस, मैं उनका अर्थ पारदर्शिता से समझ गया व इसपर आर्टिकल बनाने की तैयारी कर रिसर्च किया, विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या भारत की है (1) भारत-142.86 करोड़ (2) चीन-142.57 करोड़ (3) अमेरिका -34.43 करोड़ (4) इंडोनेशिया- 27.38 करोड़ (5) पाकिस्तान-23.14 करोड़ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,142.8 करोड़ जनसंख्या एक-एक कदम चलते हैं तो 142.8 करोड़ कदम आगे बढ़ते हैं तभी विश्व को जीत सकेंगे आओ एक और एक ग्यारह बने-बटेंगे तो कटेंगेएक है तो सेफ़ हैं,पूरे भारत के परिपेक्ष में सकारात्मक सोचें भारत के बड़े बुजुर्गों, बुद्धिजीवियों, कौशलता निपुण विद्वानों कुछल नेतृत्व धारक मनीषियों के विचारों का हमारे देश में अण्खुट खज़ाना है,हालांकि इनकी वैचारिक शक्ति का प्रयोग और क्रियान्वयन भी संस्कारों की जननी भारत माता के गोद में किया जाता है।परंतु वर्तमान समय में हमारे भारतवर्ष में जो एक विषय जोरों से चर्चा में है, उस पर बहुत गंभीरता से हर देशवासी को सकारात्मक सोचना होगा यह विषय है!142 करोड़ जनसंख्या के कार्यबल, बुद्धि कौशल और शुभ संकल्प का संपूर्ण क्षमता के साथ दोहन करना।



साथियों यह विषय अगर हर भारतीय नागरिक जिसमें राजनैतिक शासन-प्रशासन, पक्ष विपक्ष, सभके समझ में आ गया, व उसका क्रियान्वयन पूर्ण स्केल के साथ करना शुरू हुआ तो दुनियाँ की कोई ताकत भारत को विश्व का सर्वश्रेष्ठ विकसित देश बनाने में नहीं रोक सकती साथियों बात अगर हम माननीय पीएम जापान के टोक्यो में क्वाड शिखर सम्मेलन 2024 में भाग लेने के दौरान भारतीय समुदाय से बातचीत की करें तो उन्होंने कहा था आज हिन्दुस्तान से 130 करोड़ लोग और मैं जापान में बैठे हुए लोगों की भी आंखों में वही देख रहा हूं 130 करोड़ देश्वासियों का आत्मविश्वास संकल्प, सपने और इस 130 करोड़ सपनों को पूर्ण करने का ये विराटसामर्थ्य परिणाम निश्चित लेके रहेगा दोस्तों। हमारे सपनों काभारत हम देखके रहेंगे।आज भारत अपनी सभ्यता,अपनी संस्कृति अपनी संस्थाओं के, अपने खोये हुए विश्वास को फिर से हासिल कर रहा है।

साथियों बात अगर हम कुछ अवधि से चर्चाओं में चल रहे विषय जाति आधारित जनगणना और जनसंख्या नियंत्रण कानून की करें तो हालांकि नीतिगत फैसला अभी नहीं हुआ है। परंतु अभी ज़रूरत है वर्तमान ज़नसंख्या स्थिति को संज्ञान में लेकर उसके कार्यबल, बौद्धिक कौशलता का उपयोग करने के रणनीतिक रोडमैप बनाने की, क्योंकि भारत माता की मिट्टी के गुण इतने प्रभावी हैं कि यहां हर नागरिक में किसी न किसी कौशलता बुद्धिमता का गुण समाया हुआ है! बस! ज़रूरत है उसे तराशने की, उचित ट्रेनिंग देने की, जिसमें अगर हम सफ़ल हो जाते हैं तो रोज़गार मांगने वाला रोज़गार सृजनकर्ता बन जाएगा।142.8 करोड़ लोगों के हाथों में काम होगा तो हम भारतीय अर्थव्यवस्था को पांच क्या? 25 ट्रिलियन डॉलर तक की अर्थव्यवस्था भी ले जाने की क्षमता रखते हैं!

साथियों अगर हम वैश्विक रचना पर नजर घूमाएं तो हमारा एक राज्य यूपी,दुनियाँ के सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देशों के पांचवे देश के नम्बर में है,तो हम विचार करें कि, हमारे एक संयुक्त भारत में आज राज्य 35 हैं तो हमसे बहुत छोटी जनसंख्या वाले देशों के नागरिकों के हाथ में काम है, और कौछलता है तथा उनका जीवन स्तर उच्चतर है, तो फिर भारत में तो अपेक्षाकृत अधिक बुद्धि कौशलता और कार्य करने की क्षमता और काबिलियत है! हम तो उनसे कई गुना आगे बढ़ सकते हैं,बस जरूरत है उसे तराशने की जो काम राजनीतिक कौशलबुद्धि और वैचारिक एकता के मंत्र को अपनाने पर क्रियान्वयन होगा, यांने वैश्विक स्तरपर एक है तो सेफ है, बाटेंगे तो काटेंगे।

साथियों बात अगर हम 135 करोड़ साथियों के कार्यबल बुद्धि कौशलता के निखार की करें तो हालांकि अलग अलग मंत्रालयों के तहत कार्य योजनाएं चलाई जा रही है। व कौशलता विकास मंत्रालय भी बना हुआ है परंतु मेरा एक सुझाव है जिस तरह से सेनाओं के तीनों अंगों के लिए एक पीडीएफ पद का सृजन कर नियुक्ति की गई है ठीक उसी प्रकार 142.8 करोड़ जनसंख्या के लिए अलग-अलग मंत्रालयों के तहत कार्यबल बुद्धि कौशलता क्षमता का उपयोग करने बनाए गए अपने-अपने विभाग के रणनीतिक रोडमैप को एक सूत्रीय पद याने एक विशेष मंत्रालय बनाकर यानें तालमेल के लिए उस मंत्रालय का सृजन कर माननीय पीएम के अंतर्गत दिया जाए तो इस कार्य में तीव्रता से वृद्धि होगी और हमारी 142.8 करोड़ जनसंख्या की कार्यक्षमता और उनकी कौछल क्षमता के दोहन का अभूतपूर्व विकास होगा और हम शीघ्र ही लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और आत्मनिर्भर बहुत तेज़ी से बनेंगे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8209

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 3 | 4 | | | 5 |
| | | | 6 | | | | 7 | |
| 8 | | | | | 9 | | | |
| | | 10 | | 11 | | | | |
| 12 | 13 | | | | | 14 | | 15 |
| | | | 16 | | 17 | | | |
| | 18 | | | | 19 | | 20 | |
| 21 | | | 22 | 23 | | | | |
| | | 24 | | | | 25 | | |

### बाएँ से दाएँ

1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन-3

### ऊपर से नीचे

2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर, पति-3
13. 'दीवाने हुए पागल' की नायिका-2,2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2
23. रांझे की प्रेमिका-2

### शब्द पहेली -8208 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | जा | न | | स | ली | का | |
| दा | दा | | सी | | ह | | या | द |
| मि | | | ब | र | सा | त | | म |
| नी | र | व | | थ | | र | ह | न |
| | | ज | रा | | सा | की | | |
| सु | ल | ह | | दां | | ब | हा | व |
| दा | | | सा | व | न | | | ज |
| मा | ता | | ह | | य | | का | न |
| | त | म | स | | न | क | ल | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6994

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6993 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## न्यूज इन शॉर्ट



### हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अभियान अंतर्गत आयोजित हुआ कार्यक्रम

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में हम होगे कामयाब पखवाड़ा अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।। इसी कड़ी में सतगुरु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल शहडोल एवं शासकीय पटेल स्कूल घरौला मोहल्ला शहडोल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेंडर समानता के संबंध छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई, छात्र-छात्राओं को बताया गया कि महिलाओं एवं पुरुषों को जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अधिकार, जिम्मेदारियां मिले हैं, इसके साथ ही पॉक्सों एक्ट के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

### महिला सुरक्षा के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

शहडोल। 25 नवम्बर 2024 से 10 दिसम्बर 2024 तक लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'हम होंगे कामयाब' के अंतर्गत शहडोल पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उक्त पखवाड़े के दौरान लैंगिक हिंसा एवं महिला सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं बाल विवाह की रोकथाम हेतु विभिन्नि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 'हम होंगे कामयाब' अभियान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें जैंडर आधारित हिंसा पर संवाद, मनोवैज्ञानिक प्रभाव, बालविवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न आदि के संबंध में जानकारी दी गई।



### जिले में राजस्व प्रकरणों का किया जा रहा तेजी से निराकरण

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन मे जिले में राजस्व महा अभियान 3.0 के अंतर्गत राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा खेत खलिहानों में पहुंचकर राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज तहसील ब्यौहारी के ग्राम बेडरा में राजस्व महा अभियान 3.0 के तहत नक्शा बटांकन का कार्य किया गया।

### अन्तरजिला बालक क्रिकेट स्पर्धा में उमरिया अनूपपुर के बीच हुआ मुकाबला

शहडोल। संभागीय क्रिकेट संघ शहडोल के तत्वाधान में आयोजित अंतर जिला बालक 18 वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला उमरिया एवं अनूपपुर के मध्य एमपीसीए ग्राउंड शहडोल में आयोजित किया जा रहा है जिसमें अनूपपुर ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया अपनी पहली पारी में अनूपपुर में सभी विकेट गंवाकर 105 रन बना पाई गेंदबाजी करते हुए साजन दहियात ने सर्वाधिक चार विकेट हासिल की जवाबी पारी खेलने उतरी उमरिया की टीम ने सृजन दहायत के 97 रन की बदौलत 196 रन बनाए पहली पारी के आधार पर उमरिया को 86 रनों की बढ़त हासिल हुई अनूपपुर की ओर से अभिषेक साहू ने पहली पारी में 6 विकेट हासिल खेलने उतरी अनूपपुर की टीम इस मुकाबले में उमरिया को दूसरे इनिंग में 18 रनों का लक्ष्य दिया है उमरिया की टीम ने 18 रनों को लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जल्दी-जल्दी में अपने चार विकेट गंवा दिए और यह मुकाबला 6 विकेट से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया अगला मुकाबला शहडोल एवं अनूपपुर के मध्य कल से करना भारत ग्राउंड पर खेला जाएगा आज के इस मुकाबले में संभागीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुनील खरे की सचिव अजय द्विवेदी जी उपाध्यक्ष धीरज दीक्षित जी दुष्यंत सिंह, मेवालाल पांडे, एवं आज के अंपायर और स्कूल दीपक सिंह ब्योमकेश त्रिपाठी एवं अभय मिश्रा मौजूद रहे।

# मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रही मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की लचर कार्यप्रणाली

## मेडिकल कॉलेज में मरीजों को नहीं मिल रही है संपूर्ण दवाई, कहते हैं बाहर से ले लो

**विजय मत, शहडोल।**

शहडोल संभाग का मात्र बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज जहां लोग बड़े-बड़े आशा और उम्मीद के साथ इलाज करवाने आते हैं तथा उनके उम्मीद पर मेडिकल कॉलेज के प्रशासन द्वारा पानी फेर दिया जाता है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की लचर कार्यप्रणाली मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। प्रबंधन मरीजों को समुचित उपचार व दवा मुहैया नहीं करा पा रहा है। ऐसे में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि मेडिकल कॉलेज के कैजुअल्टी वार्ड में ही दवाओं की कमी बनी हुई है। ऐसे में यहां आने वाले गंभीर मरीजों का समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। कैजुअल्टी वार्ड में दवाओं की कमी की वजह से मरीजों के परिजनो को बाहर से दवाएं लानी पड़ रही है, कैजुअल्टी वार्ड के लोग कहते हैं यहां कुछ दवाइयां उपलब्ध है बाकी दवाइयां बाहर से ले आओ। इससे परिजनों के साथ आकस्मिक कक्ष में सेवा देने वाले चिकित्सकों के साथ ही स्टॉफ को भी परेशान होना पड़ रहा है।

### दूर दराज के लोगों को नहीं मिल रही बेहतर चिकित्सा सुविधा

बता दें कि मेडिकल कॉलेज शहडोल में शहडोल संभाग के ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए दूर दराज के लोगों को बेहतर चिकित्सा की सुविधा के साथ-साथ दवाई की सुविधा भी मुहैया नहीं हो रही है। जिससे लोग अनेक परेशानियों का



सामना करते हुए बाहर से दवाइयां खरीद रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के कैजुअल्टी बाढ़ तथा दवा वितरण केंद्र में संपूर्ण दावा नहीं होने के कारण आधे अधूरे दवा दे दिए जाते हैं तथा बाकी पर्ची पर लिखा दवा को मेडिकल कॉलेज की कर्मचारियों द्वारा बाहर से खरीदने की सलाह दिए जाते हैं।

### मेडिकल कॉलेज से दूर शहर से खरीदनी पड़ती है दवाई

शहडोल संभाग की ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए गरीब मरीजों को अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें मेडिकल कॉलेज के बाहर स्थित मेडिकल से दवाइयां खरीदनी पड़ती है और जो दवाई मेडिकल में उपलब्ध नहीं होती है तो वहां से लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित शहर से दवाइयां खरीदनी पड़ती है, परंतु जिम्मेदार अधिकारियों का इस बात का ख्याल नहीं है। गरीबों को शहर में स्थित मेडिकल दुकान संचालकों द्वारा भारी भरकम दामों पर दवाइयां दी जाती है तथा उनको लूटा जाता है।

### इन दवाओं की बनी रहती है कमी

मेडिकल कॉलेज के कैजुअल्टी वार्ड में उपयोग होने वाले दवाओं में से अधिकांश दवाएं वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं। बताया जा रहा है कि यहां पैन्टाप व ओन्डेन इंजेक्शन, एनएस, आई सेट व साफ्ट रोल की कमी बनी हुई है। कैजुअल्टी में सेवा देने वाले चिकित्सक व स्टॉफ आईवी सेट की जगह बीटी सेट से काम रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के आकस्मिक कक्ष में घायल व गंभीर रूप से बीमार मरीज पहुंचते हैं। दया उपलब्ध नहीं होने पर मरीजों के परिजनों को बाहर से दवा खरीदकर लानी पड़ती है। इससे परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### मेडिकल कॉलेज में साफ सफाई व्यवस्था भी नदारत

मेडिकल कॉलेज शहडोल में साफ सफाई व्यवस्था भी नदारत रहती है। मेडिकल कॉलेज परिसर में नियमित साफ सफाई नहीं होती है। कई कई दिनों तक सड़कों पर सफाई नहीं होती। इस मामले की शिकायत प्रबंधन से करने पर सिर्फ आश्वासन मिलता है। मेडिकल कॉलेज में रहने वाले लोगों ने सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

### कमिश्नर ने सी. बी.एम.ओ. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर को किया निलंबित

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9(1) (क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये डॉ. निशांत सिंह परिहार सी.बी.एम.ओ. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर, जिला उमरिया (म.प्र.) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में डॉ. परिहार का मुख्यालय कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

कलेक्टर उमरिया को इंद्र पाल पटेल द्वारा अवगत कराया गया था कि श्रीमती हेमा पटेल के इलाज हेतु 29 नवंबर 2024 को समय लगभग 2.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में इलाज कराने हेतु ले जाया गया था, जोकि अत्यंत पीडा में थी जिसमें चिकित्सक द्वारा मरीज को ऑक्सीजन की सलाह दी जा रही थी। लेकिन चिकित्सक द्वारा कहा जा रहा था कि मानपुर अस्पताल में आक्सीजन की व्यवस्था नहीं है। जिससे इलाज भी नाम मात्र का किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में पदस्थ बी.एम.ओ. मानपुर कभी नहीं आते हैं। जिससे लोगों को आये दिन मौत का शिकार होना पडता है, छोटी-छोटी बीमारियों में यहाँ के डॉक्टरों द्वारा बाहर के लिये रेफर कर दिया जाता है, प्रार्थी की पत्नी श्रीमती हेमा पटेल की मृत्यु डॉक्टर की लापरवाही से हुयी है।

कलेक्टर उमरिया के आदेश द्वारा प्राप्त शिकायत की जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मानपुर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया। समिति के जाँच प्रतिवेदन में लेख किया गया है कि उपस्थित जनमानस द्वारा बताया गया कि अस्पताल कर्मियों के द्वारा मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। सी.बी.एम.ओ. मानपुर मुख्यालय में निवास नहीं करते हैं तथा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन शासन के दिशा निर्देशानुसार नहीं किया जा रहा है एवं अस्पताल की विद्युत, पानी, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सही नहीं पायी गयी। सी.बी.एम.ओ. मानपुर द्वारा अपने प्रबंधकीय कार्य में लापरवाही की जा रही है। जिससे लोगों के बीच आक्रोश है।

## मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग की उपस्थिति में योजनाओं की हुई समीक्षा




**विजय मत, शहडोल।**

सदस्य, (राज्य मंत्री दर्जा) म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग ऋषी कुमार यादव की उपस्थित में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में पिछड़ा वर्ग संबंधित विभिन्न योजनाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्य, (राज्य मंत्री दर्जा) म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग ऋषी कुमार यादव ने समस्त जिला प्रमुखों से उनके संबंधित विभाग की योजनाओं संबंधित जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में पिछड़ा वर्ग अंतर्गत छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की जानकारी दी तथा बताया कि जिले में पिछड़ा वर्ग अंतर्गत छात्र-छात्रओं को सभी प्रकार की छात्रवृति भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही बैठक में उद्योग विभाग,श्रम विभाग, आयुष विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी ने अपने विभाग संबंधित योजनाओं की जानकारी दी तथा किए गए कार्यों की भी जानकारी दी।

बैठक में अतिरिक्त मुख्यकार्यपाल अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह,सहायक संचालक अन्य पिछड़ा वर्ग श्रीमती आशा द्विवेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भारतीय संविधान पर आधारित एमजी एम स्कूल में संपन्न हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

धनपुरी। एम जी एम हायर सेकेंडरी स्कूल धनपुरी में संविधान दिवस के अवसर पर कक्षा 9 से 12 के छात्रों के बीच इंटर हाउस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में छात्रों को चार सदनों में विभाजित किया गया जो क्रमशः रमन, भाभा, आर्यभट्ट और चरक सदन थे। छात्रों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया गया, चयनित छात्रों से प्रतियोगिता में चार स्तर पर प्रश्न पूंछे गए। प्रतम स्तर पर वैकल्पिक, द्वितीय स्तर पर बज़र राउंड, तृतीय स्तर पर रैपिड फायर एवं चतुर्थ स्तर पर ऑडियो और विसुअल राउंड थे। चारों सदनों के बीच कड़ी टक्कर हुए अंततः आर्यभट्ट ने प्रथम, भाभा नें द्वितीय, रमण ने तृतीय एवं चरक नें चौथा स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रतियोगिता के क्विज मास्टर प्रमोद कुमार रजक जिनके सहयोगी अविनाश पांडेय एवं शिक्षिका शहनाज अंसारी एवं स्कोरर के रूप में प्रदीप सेन शर्मा , उप प्रधानाध्यापिका श्रीमती जॉर्जिना ग्रेस एवं श्रीमती प्रिया शुक्ला ने अपनी भूमिका निभायी।विद्यालय के प्राचार्य फादर जोश के वर्गीस नें प्रतिभागियो को उनके प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा की वे भविष्य में इंटर स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन अपने विद्यालय में अवश्य करायेंगे जिससे बच्चो में ज्ञान का विकास हो सके।

## भू माफियाओं ने नजूल की जमीन पर किया अवैध रूप से दुकान निर्माण

### दुर्गा माता मंदिर की पार्किंग पर दीवार तोड़कर कर रहे कब्जा



**विजय मत, शहडोल।**

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी गंज रोड स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर के सामने नजूल की बेश कीमती जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से दुकान का निर्माण कर लिया गया है तो वही मंदिर के गेट के सामने मंदिर की पार्किंग की भूमि पर अब भू माफियाओं की नजर है गौरतलब है कि पूर्व में नजूल की भूमि पर नगर पालिका राजस्व विभाग द्वारा बाउंड्री बाल का निर्माण किया गया था इस बाउंड्री वॉल को भूमाफिया द्वारा गुरुवार की सुबह लेबर भेज कर बाउंड्री बाल को तोड़ने का प्रयास किया गया पार्किंग की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर मंदिर की पुजारी द्वारा इस बात की शिकायत जिले के संवेदनशील कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह जी से की गई है वहीं पूरे मामले को लेकर कलेक्टर महोदय द्वारा कार्यवाही की बात की गई है

वही मंदिर के पुजारी आशीष राज तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि नवरात्रि एवं अन्य विशेष पर्व में मंदिर में भक्तों की भीड़ होती है जिसे दृष्टिगत रखते हुए दुर्गा माता सेवा समिति द्वारा जिला प्रशासन से पार्किंग की मांग की गई थी तो वहीं पूर्व कलेक्टर डॉक्टर सत्येंद्र सिंह द्वारा निरीक्षण कर मंदिर के गेट के सामने स्थित नजूल की भूमि को पार्किंग घोषित कर दिया गया था तो वहीं अब भूमाफियाओं द्वारा दीवार तोड़कर मंदिर पार्किंग पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है जिस की मंदिर आने वाले भक्तों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है अतः आप सभी भक्तों से शहर वासियों से निवेदन है कि आप सभी भी इस अवैध रूप मंदिर पार्किंग पर किए जा रहे कब्जे पर अपनी प्रतिक्रिया देकर विरोध जताए।

## सरकारी जमीन में अवैध कब्जा करने वालों की लगी होड़

**विजय मत, ब्योहारी।**

नगरीय क्षेत्र के बार्ड क्र-09 न्यूबरौधा में बाहरी लोगों का बढ़ रहा दखल। स्थानीय प्रशासन अनभिज्ञ। न्यूबरौधा में खाली पड़ी सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन में अवैध कब्ज़ा करने बालों की होड़ सी लगी है। बाहरी गांव कस्बों जिलों सहित अन्य प्रदेशों से आकर यहां आवाद होने बाले ज्यादातर लोगों की पहचान का कोई भी रिकॉर्ड स्थानीय प्रशासन व पुलिस थाने में नहीं है। नगरीय क्षेत्र के बार्डक्र-09 की खाली पड़ी फारेस्ट और नजूल की भूमि में बाणसागर परियोजना के डूब प्रभावित ग्रामीण परिवारों को निर्धारित रकवा में प्लाटिंग कर आवंटित की जाकर न्यूबरौधा नाम से बसाया गया। जहां मूलभूत सुविधाओं के लिए भवन भी बनाये गये। भले आज अधिकांश खंडहरों में बदल गये। उसके बाद शेष बची शासकीय आराजी में अवैध



कब्जाधारियों ने राजस्व अमले से मिलीभगत कर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया। न्यूबरौधा के उत्तर और दक्षिण में सैकड़ों की संख्या में बाहर से आकर लोग यहां आवाद होने लगे। सूत्रों की मानें तो बाहरी लोगों के यहां संदिग्ध लोगों का आना-जाना प्रायः लगा रहता है जो यहां आकर महीनों बने रहते हैं। जिसकी कोई जानकारी यहां पुलिस के पास नहीं रहती। अन्य प्रदेशों से आकर यहां रहने बाला शख्स आखिर कहां से कब और क्यों आया है।। उत्तर प्रदेश बिहार और पश्चिम बंगाल से आकर यहां लोग रह रहे हैं। यदि यहीं लोग यहां किसी गम्भीर वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं तो जिम्मेदार कौन होगा। सूत्रों की मानें तो जबलपुर के मझौली से यहां आकर रहने बाला हाफिज जलील नामक तांत्रिक लोगों को गड़ा धन दिलानें के नाम से अपनी दुकानदारी चला रहा है। और आये दिन लोगों को लेकर इधर-उधर गडे धन को ढूंढने खुदाई करा रहा है। न्यूबरौधा में भइया मिस्त्री के घर में रहने बाला तथाकथित तांत्रिक भोले-भाले लोगों को गड़े धन का लालच दिखा ठग रहा है।

**इनका कहना है**

यह बात मेरे संज्ञान में आई है। मैं जांच टीम बनाकर वहां निश्चित ही कार्यवाही करुंगा।

नारेन्द्रसिंह धुर्वे, एसडीएम ब्योहारी

### शिकायत के बाद पेड़ की कराई गई छटाई

शहडोल। धनपुरी नगर के वार्ड 24 कछियान टोला में स्थित दुर्गा मंदिर के पास रोड़ से लगा बेरी का पेड़ आने जाने वाले राहगीरों को चोटिल कर कर रहा था क्योंकि यह पेड़ सड़क के नीचे तक आ गया था और इस कारण से आवागमन करना भी मुश्किल होने लगा था इसी तरह यह पेड़ स्ट्रीट लाइट के खंभे से सटे रहने के कारण कई बार बरसात के मौसम में खंभे में करंट आ जाने के कारण वार्ड के लोगों में डर का माहौल रहता था जिससे लोग काफी परेशान रहते थे । वार्ड की यह गम्भीर समस्या को देखते हुए वार्ड के निवासी भारतीय जनता युवामोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद रजक के प्रयासों से वॉर्ड के लोगों मिला निजात अरविन्द रजक ने लिखित शिकायत नगरपालिका परिषद में किया था नगरपालिका अधिकारी और बिजली विभाग में लिखित शिकायत दर्ज किया जिसके बाद संबंधित अधिकारी जनसमस्या को संज्ञान में लेते हुए तुरंत बेरी के पेड़ को छठाई करने के लिए निर्देश दिया और बिजली विभाग की टीम और नगरपालिका परिषद की टीम सचिन कचेर ओर रवि कुशवाहा रामाशंकर लाइन मैंन की टीम ने घंटों मस्कत से वॉर्ड के समाजसेवी बृजेश लोधी, मुनू लोधी , बाला लोधी, मनीष, सुची कुशवाह, सागर के द्वारा खंभे से सटे हुए बैरी के पेड़ की छठाई किया गया ।

## डयूटी पर डिप्टी रेंजर से मारपीट कर फाड़ी वर्दी

**विजय मत, शहडोल।**

शहडोल जिले से एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। आपको बता दें बुढार थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने ऑन ड्यूटी वन विभाग के अधिकारी की वर्दी फाड़ी और जानलेवा हमला कर दिया।

डिप्टी रेंजर की शिकायत पर पुलिस ने हमला करने वाले शख्स के खिलाफ मारपीर और शासकीय कार्य में बाधा डालने जैसी अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार के लिया है।

शहडोल जिले के बुढार वन परिक्षेत्र में पदस्थ डिप्टी रेंजर कमला प्रसाद कार्यालय के बाहर खड़े थे, तभी बाइक से सामने से आ रहे बुढार के अंबेडकर नगर निवासी कलीस अहमद ने डिप्टी रेंजर के ऊपर बाइक चढ़ाते हुए मारपीट कर वर्दी फाड़ दी।

आरोपी ने डिप्टी रेंजर पर हमला करते समय आरोप लगाए हैं कि तुम बहुत अनावश्यक कार्यवाही करते हैं पहले भी मेरे ऊपर लकड़ी का केस बनाया था इसीलिए मैं तुम्हे जान से खत्म कर दूंगा। वहीं इस पूरे मामले में आरोपी कलीस अहमद ने उल्टा डिप्टी रेंजर पर बाइक से टक्कर लगने पर बंधक बनाकर मारपीट के अनावश्यक फर्जी मामले में फंसा देने का आरोप लगाया है। डिप्टी रेंजर ने इसकी शिकायत बुढार थाने में की है। थाना प्रभारी ने दी जानकारी आपको बता दें इस पूरे मामले में बुढार थाना प्रभारी संजय जैसवाल का कहना है कि डिप्टी रेंजर के साथ ऑन ड्यूटी मारपीट की शिकायत पर से मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**समस्या**

### ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में एक महीनें से विचरण कर रहे हाथियों का दल

# हाथियों के मूवमेंट ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

**विजय मत, शहडोल।**

जिले में वन विभाग द्वारा हाथियों की रखवाली के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। बता दें कि हाथी का एक दल पिछले एक महीने से ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में विचरण करते हुए देखा जा रहा है, जिसने फसल को बर्बाद किया है। इससे किसानों को काफी ज्यादा नुकसान झेलना पड़ा है।

हाथियों का मूवमेंट नजर आने के बाद लगातार उन पर वन विभाग अमला द्वारा ड्रोन कैमरे से उनकी निगरानी करने का फैसला लिया गया है, ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी भविष्य में ना हो।



### वन विभाग अलर्ट मोड पर

सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार, जिस गांव में हाथियों का झुंड पहुंच रहा है। वहां बिजली लाइन बंद कर दी जाती है। दरअसल, कुछ दिन पहले सतना-शहडोल के बॉर्डर इलाके पर एक हाथी की करंट लगने से मौत हो गई थी। जिस कारण यह फैसला लिया गया है और वन विभाग अलर्ट मोड पर है। जैसे ही उन्हें हाथियों के मोमेंट की जानकारी लगती है। वह बिजली लाइन को बंद करवा देते हैं। इसी बीच ब्यौहारी वन क्षेत्र के सेहरा जंगल में हाथियों की लोकेशन मिली, जिसे ड्रोन कैमरे के मदद से प्राप्त किया गया है। फिलहाल, वह यहां पर घूमते हुए पाए गए हैं। ड्रोन कैमरे में लगभग 18 हाथियों का झुंड देखने को मिला है। जिसकी जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है।

### एसडीओ ने कही ये बातें

एसडीओ फॉरेस्ट रमेश सिंह ध्रुव ने बताया कि रामपुरवा, मऊ, सहित आधा से अधिक दर्जन गांवों के लाइन बंद कर दिए गए हैं, ताकि हाथियों को इससे नुकसान न पहुंच सके। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि वह हाथियों के आतंक से काफी ज्यादा परेशान हो चुके हैं। पिछले कुछ दिनों से जिस तरह की लगातार घटनाएं हो रही है, उससे उन्हें काफी ज्यादा नुकसान हो रहा है। हाथी गांव में पहुंच कर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। साथ ही खलियान में रखे अनाज को भी खा लेते हैं।

## यूज इन शॉर्ट




### आरडीएस हास्पिटल कोतमा में 7 दिसंबर को लगेगा हेल्थ चेकअप कैम्प, बीमारियों का होगा निःशुल्क जांच

अनूपपुर। जिले के कोतमा में किम्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बिलासपुर एवं आरडीएस हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नि-शुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प (सामान्य) एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी पेट, पित्त की थैली, किडनी, यूरेटर एवं ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गांठ, अपेंडिक्स, गाल ब्लेडर, प्रोस्टेट ग्रंथी थाइराईड, अमाशय एवं अग्नाशय संबंधी समस्याएं, न्यूरो एवं स्पाईन सर्जरी एक्सीडेंट एवं ट्रामा, साइटिका, माइग्रेन, स्ट्रोक / लकवा, ब्रेन हेमरेज, मिर्गी, ब्रेन ट्यूमर, वर्टीगो, मस्तिष्क रीढ़ की समस्या, मनोरोग, मानसिक तनाव, मंदबुद्धि सहित सभी प्रकार के रोगों का नि- शुल्क चेकअप 07 दिसंबर 2024 दिन शनिवार समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक आरडीएस हॉस्पिटल बंजारी चौक, रेउला रोड, कोतमा अनुपपुर मे किया जाएगा। सुविधा के लिए रजिस्ट्रेशन 9753276208, 7999133429 पर कर संपर्क किया जा सकता है।

### राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार)दिलीप जायसवाल का भ्रमण कार्यक्रम



अनूपपुर। मप्र शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 5 दिसंबर की शाम 4.10 बजे ट्रेन द्वारा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 2.25 बजे रेलवे स्टेशन अनूपपुर पहुंचेंगे। रात्रि 2.35 बजे अनूपपुर से बिजुरी के लिए प्रस्थान करेंगे एवं निज निवास बिजुरी में रात्रि विश्राम करेंगे। शेष कार्यक्रम पृथक से जारी किया जाएगा।

### मप्र पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य श्री यादव का भ्रमण कार्यक्रम

अनूपपुर। मप्र पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) ऋ षि कुमार यादव अनूपपुर जिले में 6 दिसंबर की सुबह 11 जिला अधिकारियों के साथ बैठक एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य अनूपपुर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### एसआईएस सुरक्षा जवान तथा सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती शिविर 7 दिसम्बर कोतमा में

अनूपपुर। शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एसआईएस इंडिया लिमिटेड अनूपपुर द्वारा सुरक्षा जवान तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के भर्ती के लिए शिविर का आयोजन 7 दिसम्बर को कोतमा थाना परिसर में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक किया जाएगा। सुरक्षा जवान के लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं पास/फेल, आयु 19 से 40 वर्ष तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास, आयु 21 से 40 वर्ष होना चाहिए। इस भर्ती के संबंध में अधिक जानकारी के लिए शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थी मोबाइल नम्बर 8602464107 पर संपर्क कर सकते हैं।

### आमाडांड ओसीपी में नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग आने से भू-प्रभावित किसानों को मिला रोजगार

अनूपपुर। जमुना कोतमा क्षेत्र की जीवनदायिनी आमाडांड ओसीपी में 10 साल के लिए नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड को मिट्टी उठाने, कोयले की ट्रांसपोर्टिंग करने की जिम्मेदारी दी गई है। जहां निर्धारित मापदंड के अनुसार ठेकेदार अपने कार्य में लगा हुआ है। नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी के आने से स्थानीय लोग खासकर भू-प्रभावित किसानों को राहत के साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए हैं। नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली प्राथमिकता स्थानीय लोगों को दी गई है जो ऐसे किसान थे, जिनकी जमीन की पात्रता नौकरी के लिए नहीं बन रही थी और उनकी जमीन से कोयला निकाला जा रहा है, ऐसे किसानों को भी पहले चिन्हित कर कंपनी में रोजगार उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा जो किसान लंबे अरसे से जमीन के एवज में नौकरी की मांग कर रहे थे, उनकी नौकरी की प्रक्रिया भी एसइसीएल द्वारा की जा रही है। लेकिन किन्हीं कारणों से उन्हें रोजगार उपलब्ध नहीं हो सका ऐसे लोगों को कंपनी में नौकरी देकर उनके जीविकोपार्जन को आसान बना दिया है। बताया कि जब तक ऐसे किसानों की पात्रता के अनुसार नौकरी एसइसीएल में नहीं लग जाती तब तक उन्हें नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। हालाकि कंपनी के अधिकारी ने बताया कि कंपनी की जरूरत के हिसाब से स्थानीय लोगों की भर्ती की गई है। पैसे लेकर नौकरी की अफवाह पर न दें ध्यान कंपनी के अधिकारी ने बताया कि नीलकंठ कंपनी के आमाडांड आने के उपरांत लगातार यह अफवाह फैलाई जा रही है कि पैसे लेकर नौकरी पर रखा जा रहा है।

## उफ ! ये कैसे जिम्मेदार, जो नहीं निभा सके अपनी जिम्मेदारी

# दिव्यांगों के लिए आयोजित कार्यक्रम बाद स्कूल परिसर में दो दिनों से कचड़े का ढेर

### चारो ओर बिखरे पानी की पाउच, प्लास्टिक की खाने की थाली, और दुर्गंध से स्कूली बच्चों सहित नगरवासी परेशान







## नगरपालिका ने कहा, कार्यक्रम की नहीं जानकारी, व्यायाम व टलहने वाले लोगों के लिए एकमात्र स्थली

**विजय मत, अनूपपुर।**

शासकीय एक्सीलेंस स्कूल परिसर में 3 दिसम्बर को निश्क्त जन कल्याण विभाग की ओर से विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया, जहां जिले न्यायाधीश से लेकर जिपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, अतिरिक्त सीइओ जिपं एवं उपसंचालक निश्क्त जन कल्याण विभाग के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए। यहां दिव्यांगों को उत्साहबर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया। लेकिन इस कार्यक्रम के जिम्मेदारों ने कार्यक्रम स्थल पर अपने कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत उपलब्धियों में शहरवासियों के लिए सिर्फ कचड़े का ढेर छोड़ दिया। जहां पिछले दो दिनों से आवारा श्वानों के साथ मवेशियों की धमाचौकड़ी में बच्चों व गणमान्यों के द्वारा खाने के उपरांत छोड़े गए खाने की प्लास्टिक वाली थाली, चम्मच, पानी का प्लास्टिक वाली पाउच व लाए गए सामानों की प्लास्टिक की कार्टन, बोरी सहित अन्य सामग्री बिखड़ी पड़ी है। हालांकि इस सम्बंध में 4 दिसम्बर को अतिरिक्त सीइओ जिपं एवं प्रभारी उप संचालक निश्क्त जन कल्याण विभाग के अधिकारी केके सोनी को स्कूल परिसर के मैदान में बिखरे पड़े कचड़े के सम्बंध में जानकारी दी गई। जहां अधिकारी ने तत्काल ही नगरपालिका को सूचना देकर सफाई का आश्वासन दिया गया। लेकिन आश्चर्य अधिकारी अपने आश्वासनों के बाद अपनी जिम्मेदारी को अमली जामा नहीं पहना सके। जिसके कारण पिछले दो दिनों से एक्सीलेंस स्कूल का मैदान कचड़े और दुर्गंध से अटा पड़ा है।

**नगरपालिका ने कार्यक्रम सम्बंधी जानकारी से किया इंकार**

हालांकि प्रशासकीय प्रावधानों के अनुसार नगरीय या ग्रामीण अंचलों में विभागीय स्तर से होने वाले हर कार्यक्रम की जानकारी नगरपालिका और ग्राम पंचायत को दी जाती है, ताकि कार्यक्रम में सहयोग के अलावा कार्यक्रम उपरांत वहां बनने वाली अव्यवस्थाओं को स्थानीय स्तर पर ठीक किया जा सके। लेकिन यहां जिला मुख्यालय अनूपपुर में विभाग के जिम्मेदारों ने विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी नगर के जिम्मेदार नगरपालिका को ही नहीं दी। नगरपालिका के अधिकारियों का कहना था कि विभाग स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम की जानकारी हमें नहीं है, अगर विभाग स्तर पर जानकारी दी जाती तो अगली सुबह वहां सफाई व्यवस्था की जा सकती थी। अब विभाग बिना सूचना कहीं कार्यक्रम आयोजित करेगी तो नगरपालिका कचड़े की सफाई में स्थल को कहा ढूढ़ती चलेगी।

**तीन स्कूल के बच्चों के साथ शहरवासियों के व्यायाम की एकमात्र स्थली**

शासकीय एक्सीलेंस स्कूल परिसर15 अगस्त और 26 जनवरी को आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ अन्य विभागों की जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थली है। इसके अलावा परिसर में संचालित शासकीय एक्सीलेंस स्कूल, प्राथमिक स्कूल और केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों के खेलने के साथ शहरवासियों के लिए सुबह और शाम को व्यायाम व खेलकूद का एकमात्र स्थली है। सुबह फुटबॉल प्रेमियों के साथ वॉलीबॉल खेलने वाले खिलाडियों के साथ व्यायाम और टलहने के लिए युवाओं के साथ बुजुर्गो की भीड़ उमड़ती है। वहीं शाम को बच्चों की टोली का हुजुम उमड़ता है। लेकिन यहां पिछले दो दिनों से कचड़े की ढेर और उनमें धमाचौकड़ी मचाने वाले मवेशियों के कारण बच्चों के साथ युवाओं और बुजुर्गो ने मैदान से दूरी बना ली है।

# खनिज विभाग ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर की कार्रवाई, चार वाहन जब्त, मामला कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत

### पांच दिन बाद भी कोतमा पुलिस ने छोड़े गए वाहन को विभाग को नहीं किया सुपुर्द

**विजय मत, अनूपपुर।**








पुलिस ने चालानी कार्रवाई कर ट्रैक्टर वाहन छोड़ा तो खनिज विभाग ने उसी ट्रैक्टर की सुपुर्दगी थाना को लिखा पत्र

जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक की अगुवाई पुलिस विभाग के साथ खनिज विभाग की संयुक्त बैठक में बनी रणनीति के उपरांत अब पुलिस के साथ खनिज विभाग ने भी सख्त कार्रवाई आरंभ कर दी है। एक ओर पुलिस थानों द्वारा रोजाना एकाध प्रकरण प्रस्तुत किए जा रहे हैं, वहीं खनिज विभाग ने भी पिछले तीन दिनों में चार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर मामले में शामिल चालक, मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। जिला खनिज अधिकारी आशालता वैद्य ने बताया कि विभाग की ओर से पिछले तीन दिनों से लगातार कार्रवाई की जा रही है, जहां सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अधिकारियों द्वारा वाहन की धड़पकड़ के साथ उनके प्रकरण तैयार कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। अधिकारी के अनुसार कोतमा के चाका और पुष्पराजगढ़ के ग्राम खजुरवार में दो ट्रैक्टर वाहन जब्त किए गए हैं, इसी तरह ग्राम पोंडी नेशनल हाइवे 43 मुख्य मार्ग पर विभाग ने रेत का ओवरलोड वाहन पाए जाने पर दो वाहन मेटाडोर को जब्त किया है। जब्त वाहनों में एमपी 52 एए 4659 खजुरवार से जब्त किए गए, एमपी 18जीए4965 को पोंडी से, एमपी 18 जीए 5568 पोंडी तथा एमपी 65 एए 5035 को चाका गांव से जब्त किया गया है। सभी वाहन स्वामियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं और मामले को कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

**कहां गया ट्रैक्टर वाहन, कोतमा पुलिस ने खनिज विभाग को नहीं सौंपा**

कोतमा पुलिस द्वारा नदी के बीच धार में रेत का अवैध उत्खनन और खनिज मामले में चालक पर लापरवाही पूर्वक मामला दर्ज कर छोडने की घटना के उपरांत खनिज विभाग द्वारा छोड़े गए वाहन पर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन का आरोप लगाते हुए सम्बंधित वाहन को पुन- अभिरक्षा में लेकर खनिज विभाग को सौंपने थाना प्रभारी को पत्र सौंपा था। जिसमें कोतमा थाना प्रभारी द्वारा वाहन को पुन- अभिरक्षा में लेकर विभाग को सौंपने आश्वास्त किया था। बावजूद खनिज विभाग द्वारा सौंपे गए पत्र के पांच दिन बाद भी कोतमा पुलिस द्वारा अब तक खनिज विभाग को ट्रैक्टर वाहन नहीं सौंपा है। खनिज अधिकारी का कहना है कि कोतमा पुलिस ने अब तक न तो वाहन को हमें सुपुर्द किया है और ना ही वाहन सम्बंधित कोई जानकारी प्रेषित की है। वहीं कोतमा पुलिस द्वारा छोड़े गए वाहन को अब तक पुन- अभिरक्षा में क्यों नहीं लिया गया है कोई जवाब नहीं दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से अब सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि हाल के दिनों में खनिज और पुलिस के बीच हुई विभिन्न बिन्दूओं की सहमति में कार्रवाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच जानकारियां सांझा किया जाना भी शामिल था।



## अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**विजय मत, अनूपपुर।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद थाना प्रभारियों द्वारा रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई में गुरूवार को बिजुरी पुलिस ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में एक ट्रैक्टर वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि 5 दिसम्बर को मुखबिर द्वारा सूचना पर ग्राम चंद्रौठी नाला से अवैध उत्खनन की सूचना प्राप्त हुई थी, जहां थाना बिजुरी से टीम गठित कर चंद्रौठी से उमरदा मुख्य सडक़ पर छापामार कार्रवाई की गई, कार्रवाई में ट्रैक्टर मय ट्राली क्रमांक एमपी 65 एए 2351 में 2 घन मीटर अवैध रेत लोड मौके पर पाया गया। आरोपी वाहन स्वामी व चालक राम निवास सिंह पिता दलबीर सिंह 42 वर्ष निवासी उमरदा के द्वारा कोई वैध खनिज संबंधी दस्तावेज टीपी प्रस्तुत न करने पर विधिवत जब्त करने की कार्रवाई कर थाना बिजुरी में वाहन को खड़ा कराया गया है। आरोपी वाहन चालक स्वामी पर खनिज चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास सिंह, एएसआई प्रदीप अग्निहोत्री, आरक्षक प्रभाकर त्रिपाठी, सुनील यादव, प्रधान आरक्षक सतीष मिश्रा शामिल रहे।

**कार्यवाही** कैसे हो जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का निराकरण, विभाग का चक्कर काट आवेदक समाधान की लगा रहे गुहार

# जिम्मेदारों ने सीएम हेल्पलाईन पोर्टल में दर्ज शिकायतों को बिना निराकरण किया बाहर, कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों पर की शास्ति अधिरोपित

**विजय मत, अनूपपुर।**

अपनी समस्याओं के निराकरण आम व्यक्ति लम्बी दूरी और अपनी जेब ढ़ीली कर जिला मुख्यालय स्थित विभागीय कार्यालय के चक्कर के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में कई दिनों की भाग दौड़ उपरांत अपना आवेदन अधिकारियों को देते सफल होता है, यहां उसे आशा होती है कि विभागीय स्तर पर अधिकारी उनकी समस्याओं का निराकरण कर उन्हें न्याय देंगे। इनमें कई प्रकार की समस्याएं शामिल होती है। लेकिन प्रशासकीय स्तर पर जांच पड़ताल में ऐसे खुलासे हुए है कि आम जनमानस का शिकायतों के निराकरण में अधिकारियों के उपर से विश्वास उठ जाएगा। गुरूवार को कलेक्टर ने ऐसे की कुछ प्रकरणों में



अधिकारियों व कर्मचारियों पर उनकी लापरवाही पर जुर्माना लगाया है। बताया जाता है कि जनसुनवाई अंतर्गत सीएम हेल्पलाईन/ जन आकांक्षा/ टीएल में लंबित प्रकरणों का पोर्टल में अवलोकन करने पर पाया गया कि शिकायतों को अनुचित रूप से कार्य क्षेत्र से बाहर किया जाता है और तथ्य परख निराकरण दर्ज नहीं किया जाता है। जबकि शासन के मंशानुरूप समय-सीमा में हितग्राहियों को लाभ देना होता है, जिससे अनावश्यक विलम्ब होता है तथा हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसपर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शिकायतों को अनुचित रूप से कार्यक्षेत्र से बाहर करने और तथ्य परख निराकरण दर्ज नहीं किए जाने पर अधिकारियों-कर्मचारियों पर शास्ति अधिरोपित की है।

**तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षक व डॉटा ऑपरेटर भी शामिल**

कलेक्टर ने लापरवाही में तहसीलदार पुष्पराजगढ़ गौरी शंकर शर्मा, नगर परिषद जैतहरी के सहायक राजस्व निरीक्षक अवधेश बीझी, एसडीएम कार्यालय अनूपपुर के कार्यालय सहायक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर शशि पनिका तथा तहसील कार्यालय अनूपपुर के कार्यालय सहायक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर ललित कुमार मार्को पर एक-एक हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित की है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को अधिरोपित शास्ति की राशि जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी जिला अनूपपुर के बैंक खाते में जमा कराते हुए जमा राशि की पावती कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन शाखा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### पंचायत उप निर्वाचन में मतदान दिवस कामगारों को मिलेगा अवकाश, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

अनूपपुर। मप्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पंचायत उप निर्वाचन के तहत सोमवार 9 दिसम्बर को मतदान होना है। जिले के संबंधित जनपद पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों में आने वाले कारखानों में कार्यरत कामगारों को निर्वाचन में मतदान की अनुमति दिए जाने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने कारखानों के प्रबंधकों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थाओं के कामगारों को मतदान की सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों व प्रबंधकों को मप्र दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत दुकान/संस्थान को निर्धारित दिन बंद/अवकाश नहीं रखते हुए उसके स्थान पर निर्वाचन के दिन को बंद/अवकाश रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अन्य दुकान/संस्थान जिनका बंद दिन निर्धारित नहीं है, वे कामगारों को बारी-बारी से मतदान करने के लिए पर्याप्त समय प्रदान करने की अनुमति देंगे।

# भारत-आस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट मैच आज से, राहुल ही ओपनर होंगे, रोहित मिडिल-ऑर्डर में उतरेंगे

**एडिलेड, एजेंसी**




भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट शुक्रवार, 6 दिसंबर को सुबह 9−30 बजे से शुरू होगा। यह एक डे-नाइट मैच है, जो एडिलेड में पिंक बॉल से खेला जाएगा। पहला टेस्ट जीतने के बावजूद भारत अपनी प्लेइंग-11 में ऑस्ट्रेलिया से ज्यादा बदलाव करेगा। कप्तान रोहित शर्मा अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद टीम के साथ जुड़ चुके हैं। वहीं, शुभमन गिल ने इंजरी से रिकवरी कर ली है। दोनों ही प्लेयर दूसरा टेस्ट खेलेंगे। स्पिन और पेस ऑलराउंडर के रूप में किसे मौका मिलेगा, इस सवाल का जवाब अब तक नहीं मिल सका है। पहले टेस्ट में ट्रैविस हेड को बोल्ड करने वाले हर्षित राणा ने प्रैक्टिस मैच में प्रभावित किया। इसलिए उनके खेलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। नेट प्रैक्टिस में आकाश दीप ने भी बेहतरीन गेंदबाजी की, दोनों ही प्लेयर्स में तीसरा पेसर कौन होगा, इस पर अभी सवाल है। उप कप्तान जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पहले 2 पेसर्स होंगे।

### ऑस्ट्रेलिया एक बदलाव करने को मजबूर

टीम इंडिया जहां 2 से 3 बदलाव करने वाली है, वहीं कंगारू टीम पहला टेस्ट हारकर भी एक ही बदलाव करेगी। वह भी मजबूरी में। पहले टेस्ट में 2 से कम की इकोनॉमी से रन खर्च करने वाले जोश हेजलवुड इंजर्ड हो गए हैं। ऐसे में उनकी जगह स्कॉट बोलैंड को मौका मिलेगा। प्लेइंग-11 में इसके अलावा कोई और बदलाव नहीं होगा।

### रोहित-शुभमन किसकी जगह लेंगे

रोहित शर्मा और शुभमन गिल प्लेइंग-11 के परमानेंट मेंबर्स हैं। दोनों देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल की जगह लेंगे। पहले टेस्ट में पडिक्कल नंबर-3 और जुरेल नंबर-6 पर उतरे थे। दूसरे टेस्ट में शुभमन नंबर-3 पर खेल सकते हैं।

### एक ही स्पिनर को मौका मिलेगा

पर्थ में भारत के इकलौते स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर थे, हालांकि उन्हें ज्यादा बैटिंग का मौका नहीं मिल सका था। एडिलेड में रविचंद्रन अश्विन का रिकॉर्ड बेहतरीन है, उन्होंने यहां 3 टेस्ट में 16 विकेट लिए हैं। जिनमें 4 बार पारी में 3 या उससे ज्यादा विकेट शामिल हैं। पिछले दौरे पर उन्होंने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन को पवेलियन भेजा था। वे नेट प्रैक्टिस के दौरान भी बहुत देर तक बॉलिंग करते नजर आए। अगर टीम मैनेजमेंट ने पिछले रिकॉर्ड पर गौर किया तो अश्विन का खेलना तय है। वे बैटिंग भी कर लेते हैं। अश्विन के अलावा वॉशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा के विकल्प हैं।

### रोहित मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करेंगे

यशस्वी जायसवाल ओपनिंग ही करेंगे। उनका साथ केएल राहुल देंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्री-मैच कॉन्फ्रेंस में कहा- एडिलेड टेस्ट में सलामी जोड़ी में बदलाव की जरूरत नहीं है। PM-11 के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में भी रोहित मिडिल ऑर्डर में उतरे थे, जबकि राहुल ने ओपनिंग की थी। रोहित नंबर-5 पर उतर सकते हैं। नंबर-4 पर विराट कोहली और नंबर-6 पर ऋषभ पंत होंगे।

**फुटबॉल**



लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में आर्सिनेल के जिरियन टींबर गोल दागते हुए।

## भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को हराकर जूनियर एशिया कप जीता




**मस्कट।** अराइजीत सिंह हुंदल के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने यहां हुए पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी के फाइनल को जीत लिया है। भारतीय हॉकी टीम ने खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 5-3 से हराया। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2004, 2008, 2015 और 2023 में भी यह खिताब जीता था। अराइजीत ने चौथे ही मिनट में एक गोल कर भारतीय टीम मिनट में एक मैदानी गोल कर भारत को अच्छी खासी बढ़त दिला दी। वहीं एक अन्य गोल दिलराज सिंह ने 19वें मिनट में किया। दूसरी ओर पाक की ओर से सूफियान खान ने 30वें और 39वें मिनट में दो 2 पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर गोल किये जबकि हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में एक मैदानी गोल किया। वहीं तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में जापान ने मलेशिया को 2-1 से हरा दिया।

## सुपर जायंट्स ने अभी तक कप्तान पर फैसला नहीं किया : गोयनका

**नई दिल्ली, एजेंसी**



लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने कहा है कि आईपीएल 2025 मेगा नीलामी से उन्हें काफी अच्छी टीम मिली है। इससे टीम में एक नहीं कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो बेहतर कप्तान बन सकते है हालांकि अभी तक हमने कप्तानी किसको दी जाये तय नहीं किया है। उनकी टीम ने नीलामी में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सबसे अधिक कीमत दे कर खरीदा है। इसके अलावा उनकी टीम के पास, निकोलस पूरन, एडेन मार्करम और टीम ने ऋषभ पंत, एडेन मार्करम और मिचेल मार्श को नीलामी में खरीदा जबकि पूरन को उसने पहले से ही टीम में बनाये रखा था। निकोलस पूरन पर टीम ने 21 करोड़ रुपये रिटेंशन के तौर पर खर्च किए, जबकि ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइजी ने खरीदा। वहीं मिचेल मार्श के लिए 3.40 करोड़ रुपये लखनऊ सुपर जायंट्स ने खर्च किए और दो करोड़ में टीम ने एडेन मार्करम को खरीदा। ये चारों खिलाड़ी ऐसे हैं, जो कप्तानी के योग्य हैं।

## पृथ्वी को मिला पीटरसन और वॉटसन का साथ

**लंदन।** खराब दौर से गुजर रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को अब दो दिग्गज क्रिकेटरों का समर्थन मिला है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने पृथ्वी का बचाव करते हुए उसे एक असाधारण प्रतिभा बताया है। पृथ्वी पिछले काफी समय ये भारतीय टीम से बाहर हैं। इस दौरान उनका प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट में भी खराब रहा जिस कारण उन्हें आईपीएल नीलामी में भी कोई खरीददार नहीं मिला। इसके बाद से ही पृथ्वी को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था पर और अब उन्हें पीटरसन और औस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन से समर्थन मिला है।

## विराट को फिर कप्तान बना सकती है आरसीबी: अश्विन

**मुम्बई, एजेंसी**



दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि विराट कोहली को एक बार फिर से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपना कप्तान बना सकती है। आरसीबी ने 2025 सत्र के लिए नीलामी के बाद अपनी नई टीम बना ली है पर इस टीम का अगला कप्तान कौन होगा वह अभी साफ नहीं हुआ है। विराट के अलावा इस टीम में क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार ही दो ऐसे खिलाड़ी है जिन्हें कप्तानी का दावेदार माना जा रहा है। अश्विन का मानना है कि विराट आईपीएल सत्र सीजन के लिए कप्तानी संभाला सकते हैं। कोहली ने साल 2022 में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी पर 2023 में फॉफ डुप्लेसिस के चोटिल होने के बाद कुछ मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी। आरसीबी की ओर से फिलहाल कप्तान को लेकर कुछ नहीं कहा जा रहा है पर अश्विन को लगता है कि ये पहले से तय है। उन्होंने कहा कि कोहली ही कप्तान की भूमिका में नजर आएंगे क्योंकि आरसीबी ने नीलामी के तहत किसी ऐसे खिलाड़ी को नहीं खरीदा जो कप्तान बन सके।

अश्विन ने ये भी कहा कि आरसीबी के लिए ये नीलामी अच्छी रही क्योंकि उन्होंने अपनी टीम को संतुलित किया और सही खिलाड़ियों का चयन किया है। अश्विन ने कहा कि आरसीबी ने आरटीएम का ज्यादा इस्तेमाल किए बना ही अपने पहले 12-14 खिलाड़ियों को समझदारी से खरीदा। उन्होंने कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि उनकी नीलामी बेहतरीन रही। उन्होंने संतुलन बनाए रखा और इंतजार करते हुए जरुरत के अनुसार खिलाड़ी खरीदे।

# बिजनेस

## सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**सोने के भाव 76,950 रुपए, चांदी लगभग 92,900 रुपए**



सोने-चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को कमजोरी के साथ कारोबार देखा जा रहा है। गुरुवार को दोनों के वायदा भाव ने गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 76,950 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी की वायदा कीमतों में भी सुस्ती देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरबरी कॉन्ट्रेक्ट 114 रुपये की गिरावट के साथ 76,978 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 107 रुपये की गिरावट के साथ 76,985 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 306 रुपये की गिरावट के साथ 92,987 रुपये पर खुला। इस समय यह 373 रुपये की नरमी के साथ 92,920 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,674.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,676.20 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 4.80 डॉलर की गिरावट के साथ 2,671.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.82 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.91 डॉलर था। इस समय यह 0.16 डॉलर की गिरावट के साथ 31.75 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## नए निर्यात अवसर: ट्रंप की निर्यात नीति और भारत

### भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने बताया कि अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन और अन्य व्यापारिक साझेदारों पर लगाए गए उच्च सीमा शुल्क की घोषणा भारत के लिए नए निर्यात अवसरों को खोल सकती है। उनका मानना है कि ये कदम भारत के लिए सकारात्मक संकेत हो सकते हैं और भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। ट्रंप ने हाल ही में मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क और चीन से आयात पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। सुब्रमण्यम के अनुसार ये कदम भारत के व्यापार में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकते हैं और भारत के लिए बहुत बड़े अवसरों का द्वार खोल सकते हैं। इस समय, भारत अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और पिछले वर्ष भारत ने अमेरिका को 77.51 अरब डॉलर के मूल्य में माल भेजा था। इस संदर्भ में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने भी व्यापार घाटे के मुद्दे पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया। उनका कहना है कि व्यापार केवल निर्यात के बारे में ही नहीं होता, बल्कि आयात भी उसी महत्वपूर्ण है। इस महत्वपूर्ण समय पर भारत को अपने व्यापार सम्बंधों में मजबूती बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाने की आवश्यकता है। व्यापारिक दृष्टि से भी, यह अवसर भारत के गतिशील और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के लिए एक सुनहरा अवसर हो सकता है।

## ट्रक भाड़े में नवंबर में माह में गिरावट आई

» अक्टूबर महीने में ज्यादातर मार्गों पर ट्रक भाड़े सामान्य स्तर पर थे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ट्रक भाड़े में नवंबर महीने की गिरावट ने वाहन क्षेत्र को एक चुनौती के रूप में सामना करना पड़ा है। एक रिपोर्ट्स के अनुसार त्योहारी मौसम की बढ़ी हुई मांग ने ट्रक भाड़े को देखते हुए व्यापारियों को परेशान कर दिया है। अक्टूबर महीने में ज्यादातर मार्गों पर ट्रक भाड़े सामान्य स्तर पर थे, लेकिन नवंबर महीने में मासिक आधार पर फ्लीट ऑक्यूपेंसी गिरकर 60 फीसदी रह गई है। इस गिरावट के पीछे कई कारण हैं। एक मुख्य कारण है खराब शहरी मांग, जो वायु प्रदूषण के कारण एनसीआर क्षेत्र में बीएस 4 ट्रकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने के कारण हो सकता है। इसके अलावा महाराष्ट्र में चुनाव संबंधित गतिविधियों की मौजूदगी और कृषि उत्पादों की आवाजाही भी ट्रकों की मांग पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। इस समस्या को बढ़ती हुई हिस्सेदारी बीएस 4 ट्रकों की मुख्य उपस्थिति उठा सकती है। एनसीआर क्षेत्र में हाल ही में लगाए गए प्रतिबंध के कारण बीएस 4 ट्रक अब सामान दलदली लाते हैं और इसे छोटे आकार के बीएस 6 ट्रक या सीएनजी चालित ट्रक के माध्यम से अंदर के क्षेत्र में भेज दिया जाता है।

### रुपया चार पैसे बढ़कर 84.71 प्रति डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे मजबूत होकर 84.71 प्रति डॉलर पर देखा गया। बाजार के जानकारों ने कहा कि मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निकट भविष्य में रुपये के दबाव में रहने की आशंका है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.72 प्रति डॉलर पर खुला और सीमित दायरे में घूमते हुए 84.71 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले केवल चार पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.75 पर बंद हुआ था।

## सेंसेक्स 809 अंक की तेजी के साथ 81,765 पर बंद, निफ्टी भी 240 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**



सेंसेक्स आज यानी 5 दिसंबर को दिन के निचले स्तर 80,467 से 1,298 अंक संभला। दिनभर के कारोबार के बाद यह 809 अंक की तेजी के साथ 81,765 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी दिन के निचले स्तर 24,295 से 413 अंक संभला। यह 240 अंक की तेजी के साथ 24,708 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी और 2 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में तेजी और 9 में गिरावट रही। NSE के सेक्टोरल इंडेक्स में सबसे ज्यादा IT सेक्टर 1.95 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। जबकि PSU बैंक और रियल्टी सेक्टर गिरावट के साथ बंद हुए। इंफोसिस, ICICI बैंक, TCS और भारती एयरटेल ने बाजार को ऊपर खींचा। जबकि, NTPC, एशियन पेंट और इंडसइंड बैंक ने सेंसेक्स को नीचे खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.30 प्रतिशत की तेजी और कोरिया के कोस्पी में 0.90 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 4 दिसंबर को 1,797.60 करोड़ के शेयर खरीदे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 900.62 करोड़ के शेयर बेचे। 4 दिसंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.69 प्रतिशत चढ़कर 45,014 पर बंद हुआ। S&P 500 0.61 प्रतिशत चढ़कर 6,086 पर और नैस्डैक 1.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,735 पर बंद हुआ।

सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड का शेयर कल यानी 6 दिसंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होगा। इसका इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 29 नवंबर से 3 दिसंबर तक ओपन था। यह IPO टोटल 1.27 गुना सब्सक्राइब हुआ है। इससे पहले कल यानी 4 दिसंबर को सेंसेक्स 110 अंक की बढ़त के साथ 80,956 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 10 अंक की तेजी रही, ये 24,467 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स 30 शेयरों में से 15 में गिरावट और 15 में तेजी थी। निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में गिरावट और 20 में तेजी थी। हस्थ्र के सेक्टोरल इंडेक्स में क्क्र बैंकिंग और रियल्टी में 2 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही।

HDFC लाइफ 2.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ निफ्टी का टॉप गेनर था। वही एयरटेल 2.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप लूजर था।

## भारत में यात्री वाहन बिक्री 3.5 लाख यूनिट्स तक पहुंची



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में यात्री वाहन बिक्री नवंबर 2024 में सालाना आधार पर 4प्रतिशत बढ़कर 3,50,000 यूनिट्स तक पहुंच गई। घरेलू यात्री वाहन बाजार में थोक बिक्री 3,35,954 यूनिट्स रही। जनवरी से नवंबर 2024 के दौरान कुल बिक्री 39,80,000 यूनिट्स तक पहुंची, जो पिछले साल की समान अवधि में 38,21,000 यूनिट्स थी। यह वृद्धि शादियों के सीजन में मजबूत मांग, ग्रामीण बाजारों में खपत और एसयूवी की लोकप्रियता के चलते दर्ज की गई। देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने नवंबर में 1,81,531 यूनिट्स की बिक्री की, जिसमें घरेलू बिक्री 1,44,238 यूनिट्स रही। कंपनी की ग्रामीण पहुंच 48.7प्रतिशत तक बढ़ी, जो पिछले साल की तुलना में 2.2प्रतिशत अधिक है। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 79,083 यूनिट्स की कुल बिक्री की, जिसमें यूटिलिटी व्हीकल सेगमेंट में 16प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई। कंपनी ने अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी बीई6ई और एक्सईवी9ई लॉन्च की, जिनकी डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। टाटा मोटर्स ने 47,117 यूनिट्स बेची, जो सालाना आधार पर 2प्रतिशत अधिक है। हुंडई मोटर इंडिया की घरेलू बिक्री 48,246 यूनिट्स रही, जबकि कंपनी ने 13,006 यूनिट्स का निर्यात किया। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 25,586 यूनिट्स बेची, जो पिछले साल की तुलना में 44प्रतिशत अधिक है। बढ़ती मांग और शादियों के सीजन ने वाहन उद्योग को मजबूती दी है।

## भोपाल में होगा मुख्य समारोह : उज्जैन बनेगा महोत्सव का साक्षी

# श्रीमदभगवद् गीता स्वधर्म और कर्तव्य पथ का करती है मार्ग प्रशस्त: डॉ. मोहन यादव

**विजय मत भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार 11 दिसंबर को गीता जयंती पर पूरे प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया जायेगा। उज्जैन में 8 से 12 दिसंबर तक कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में महोत्सव होगा। राजधानी भोपाल में 11 दिसंबर को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्य समारोह होगा। इंदौर के लता मंगेशकर सभागार में सांस्कृतिक संध्या होगी। जिला मुख्यालयों में श्रीकृष्ण परंपरा आधारित सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ जिला कारागार में श्रीमदभागवद् गीता के कर्मयोग अध्याय का पाठ किया जायेगा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ख्यात गीतकार मनोज मुन्तशिर, मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिन्द्रा, गायिका स्वस्ति मेहुल, साधो बैण्ड सहित कई वैष्णव परंपरा आधारित सांस्कृतिक नाट्य दलों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।



### 8 को मनोज मुंतशिर का गीता संवाद, 11 को विवेक देंगे मोटिवेशनल स्पीच

शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया उज्जैन में 8 से 12 दिसंबर 2024 तक कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियाँ होगी। इस पाँच दिवसीय महोत्सव के पहले दिन ख्यात गीतकार मनोज मुंतशिर का गीता संवाद होगा। इसके बाद सुमन साहा (कोलकाता) निर्देशित महानाट्य गुरू दक्षिणा का मंचन होगा।

### महानाट्य कृष्णायन की प्रस्तुति के साथ ही होंगी गीता आधारित प्रतियोगिताएँ

दूसरे दिन संजीव मालवीय निर्देशित महानाट्य कृष्णायन की प्रस्तुति होगी। 10 दिसंबर को प्रात- 10 बजे गीता आधारित प्रतियोगिताएँ होगी। इसी क्रम में 11 बजे से श्रीमद्भगवद् गीता आधारित संगोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें देश-विदेश के विषय विशेषज्ञ अपना वक्तव्य देंगे। सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका सुकलापिनी कोमकली श्रीकृष्ण पर केन्द्रित भजन प्रस्तुत करेंगी।

### विरासत और विकास से जोड़ेगी श्रीकृष्ण पाथेय योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण भारत में नवजागरण, उत्कर्ष और राष्ट्रीय अस्मिता के उज्वल प्रतीक हैं। वे योगीराज-युगपुरुष-न्याय प्रिय-जगतगुरु हैं। वे साहित्य, संस्कृति, विज्ञान, गौवंश, कृषि और जल संवर्धन के प्रेरक तथा भारतीय सांस्कृतिक प्रभामंडल के सर्वमान्य प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा के लिए श्रीकृष्ण पाथेय योजना आरंभ की गयी है। यह योजना भगवान श्रीकृष्ण की मथुरा से लेकर उज्जैन, अमरावती, कुरुक्षेत्र, द्वारिका क्षेत्रों की यात्राओं तथा इन यात्राओं के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा युगपरिवर्तनकारी कार्यों की फिर से पहचान और उनकी अद्वितीय विरासत से समाज के विकास का पथ खोजना मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है।

### गीता भारतीय के दर्शन और चिंतन का मूल आधार

उल्लेखनीय है कि श्रीमद्भगवद् गीता भारतीय के दर्शन और चिंतन का मूल आधार है, जो सद्‌कर्म के माध्यम से मनुष्य को अपने में ही दिव्यता का अनुभव करा देती है। यह समस्त मानव समाज को स्व-धर्म का आत्म-बोध देती है, यह सच्चे कर्तव्य पथ की ओर प्रशस्त करती है। साथ ही विरासत से विकास की संकल्पना के मूल विचार में सनातन परम्पराएँ, मान्यताएँ और उसके कल्याणकारी सामाजिक परिणाम रहे है। इसी क्रम में गीता जयंती के अवसर पर संपूर्ण मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# जिले में मुक्तिधाम एवं मंदिरों पर कोई अतिक्रमण न हो: पटेल

## भिण्ड जिला योजना समिति की बैठक



**विजय मत भोपाल**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम और भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला योजना समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार भिण्ड में की गई। इस दौरान नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, विधायकगण, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री पटेल ने महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में देखें कि अगर कोई इस योजना का पात्र हितग्राही है तो आप उसकी किस प्रकार से मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में कुल 12 ऐसे बच्चे हैं जिनके माता पिता की मृत्यु कोरोना काल के दौरान हो गई थी। कोरोना काल के अलावा 55 ऐसे बच्चे हैं, जिनके माता-पिता नहीं हैं, ऐसे बच्चों के लिए सभी जन-प्रतिनिधि हर 6 माह में जाकर मानवीय आधार पर देखें कि उन बच्चों को वास्तविकता में मदद मिल रही है या नहीं।

मंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के चौथे चरण अंतर्गत जिले में वर्तमान में प्रगतिरत सड़कों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले की कौन सी विधानसभा में कितने किलोमीटर की सड़कें बनी है, और कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है, इस संबंध में जानकारी ली। मंत्री पटेल ने जल संसाधन विभाग की समीक्षा कर के दौरान किसानों से एग्रीमेंट, पानी पहुंचने की स्थिति, मेंटेनेंस कार्य, टेल एरिया में पानी कहां तक पहुंचा है, इस संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रगतिरत पांच परियोजनाओं के संबंध में जानकारी ली, परियोजनाओं के टेंडर, टाईम लाईन के संबंध में जानकारी ली, मां रतनगढ़ परियोजना में कितने हैक्टेयर वन भूमि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राजस्व महाअभियान में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आधार सीडिंग, लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की भी जानकारी ली। मंत्री पटेल ने जिले में मुक्तिधाम कितने हैं, कितने मुक्तिधाम पर अतिक्रमण है और भूमिहीन मुक्तिधाम के संबंध में जानकारी ली।

## न्यूज इन शॉर्ट

### उपग्रहों का प्रक्षेपण गौरवपूर्ण उपलब्धि : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इसरो की नई उपलब्धि भारतीयों का गर्व बढ़ा रही है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ईएसए के साथ मिलकर पीएसएलवी-सी 59 के माध्यम से पीआरओबीए-3 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए इसरो की पूरी टीम और समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आनंद की बात है कि यह मिशन सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करने के लिए लॉन्च किया गया है, जिसकी सफलता से सूर्य के कई रहस्यों पर से पर्दा उठेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में नित नये इतिहास रच रहा है। प्रधानमंत्री के सक्षम नेतृत्व और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उनके दृष्टिकोण का देशवासी अभिनंदन करते हैं।

### भोपाल में 8 को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक, अभियान के लिए हुई ब्लॉक टास्क फोर्स बैठकें

**भोपाल।** भोपाल में 8 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जन्म से 5 साल तक की उम्र के लगभग साढ़े तीन लाख बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। अभियान की तैयारियों के संबंध में अनुविभागीय अधिकारियों की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स बैठकें आयोजित की गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड बैरसिया, फंदा और शहरी क्षेत्रों में कोलार, बैरागढ़, सिटी, एमपी नगर, टीटी नगर, गोविंदपुरा अनुविभागीय सर्किल में बैठकें आयोजित हुईं। बैठकों में टीकाकरण बूथों के चिह्नांकन, लॉजिस्टिक, वैक्सीन संधारण, वैक्सीन परिवहन , रिपोर्टिंग, माइक्रोप्लान इत्यादि के संबंध में चर्चा कर निर्देश दिए गए। अभियान के लिए पूर्व में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सभी अनुविभागीय अधिकारियों को ब्लॉक टास्क फोर्स बैठक कर माइक्रोप्लान पर चर्चा करने के लिए निर्देशित किया गया था। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों को स्वास्थ्य विभाग से समन्वय एवं सहयोग के लिए निर्देशित किया गया था।

### नेशनल लोक अदालत 14 को, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 14 दिसंबर 2024 को वर्ष 2024 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने जिला न्यायालय भोपाल से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहनों द्वारा नेशनल लोक अदालत की जिंगल्स एवं फ्लेक्स बैनर के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार भोपाल के विभिन्न शहरी व सुदूरवर्ती ग्रामों में किया जाएगा।

### जनजातीय विकासखंडों में बन रहे 94 सीएम राइज स्कूल

**भोपाल।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने जनजातीय कार्य विभाग के अधीन सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये हैं। विभागीय निर्माण कार्यों की गत दिवस समीक्षा करते हुए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि शासन द्वारा जनजातीय विकासखंडों के लिये मंजूर 94 सीएम राइज स्कूल शीघ्रतापूर्वक पूर्ण कर हेण्डओवर कराये जायें, ताकि जनजातीय विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आधुनिक तरीके से शिक्षा प्राप्त करने का लाभ मिले। राज्य शासन द्वारा जनजातीय विकासखंडों में 94 सीएम राइज स्कूल खोलने के निर्णय पर तेजी से काम जारी है। मंजूर सीएम राइज स्कूलों में से लोक निर्माण विभाग (पीआईयू) द्वारा 40 स्कूल, म.प्र. भवन विकास निगम के जरिये 40 स्कूल और शेष 14 स्कूल म.प्र. पुलिस हाउसिंग एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा निर्मित किये जा रहे हैं।

## मंत्री टेटवाल एवं मंत्री काश्यप की उपस्थिति में हुए एमओयू साइन

# जीएसपी में आईआईटी दिल्ली एवं आईआईटी रोपड़ के सहयोग से चार एडवांस्ड ट्रेड होंगे प्रारंभ

**विजय मत भोपाल**

कौशल विकास और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल और एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क (जीएसपी) में चार एडवांस्ड ट्रेड प्रारंभ करने के लिये जीएसपी एवं आईआईटी दिल्ली और आईआईटी रोपड़ के मध्य एमओयू हुए। इस पहल के तहत साइबर एण्ड नेटवर्क सिक्यूरिटी, एनीमेशन-मोशन ग्राफिक्स, गेमिंग टेक्नोलॉजी और एआर एण्ड वीआर जैसे एडवांस्ड ट्रेड शीघ्र ही प्रारंभ किये जायेंगे, जो प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर की तकनीकी शिक्षा प्रदान करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय साइबर एण्ड नेटवर्क सिक्यूरिटी के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता प्रदान करेगा। आईआईटी रोपड़ के



साथ समझौते के अंतर्गत ड्रोन टेक्नोलॉजी से संबंधित अल्पकालिक पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे। इनमें डीजीसीए सर्टिफाइड ड्रोन पायलट ट्रेनिंग, जीआईएस फॉर ड्रोन डाटा प्रोसेसिंग के लिए जीआईएस, ड्रोन्स इन एग्रीकल्चर, ड्रोन्स एण्ड डिजास्टर मैनेजमेंट, एरियल सिनेमेटोग्राफी, पाइथॉन फॉर जीआईएस और ड्रोन बिल्डिंग जैसे कोर्स शामिल होंगे। मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि यह विभाग का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें युवाओं को वैश्विक स्तर की तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहे हैं। ग्लोबल स्किल्स पार्क में छात्रों को न केवल प्रशिक्षित किया जाएगा।

# प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखंडों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना की जायेगी

» 50 विद्यालय संचालित हैं, 8 विद्यालयों के भवन निर्माणाधीन

» 31 नये ईएमआरएस के लिये प्रयास तेज

**विजय मत भोपाल**

राज्य सरकार प्रदेश के सभी जनजातीय विकासखड़ों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के निर्माण के लिये ठोस प्रयास कर रही है। राज्य शासन केन्द्र सरकार के साथ मिलकर सभी ट्राइबल ब्लॉक में ईएमआरएस की स्थापना के साथ इन विद्यालयों में 3800 शिक्षकों की भर्ती समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। प्रदेश में 89 ट्राइबल ब्लॉक हैं। इनमें से वर्तमान में 50 ट्राइबल ब्लॉक में ईएमआरएस संचालित हैं। 8 ट्राइबल ब्लॉक में ईएमआरएस के नये भवन निर्माण की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। शेष 31 ट्राइबल ब्लॉकस् में ईएमआरएस की स्वीकृति का प्रस्ताव राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय को भेजा जा चुका है। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन एवं भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने विभागीय अधिकारियों को केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के सतत् सम्पर्क में रहकर शेष 31 जनजातीय विकासखंडों में भी ईएमआरएस की स्थापना के लिये प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिये हैं।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित ईएमआरएस के लिये स्वीकृत कुल 3800 शिक्षकों के पदों के विरूद्ध अब तक 2008 शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर चयनितों की पदस्थापना की जा चुकी है। चयनित अभ्यर्थियों में से 1790 पदों पर अभ्यर्थियों द्वारा अपनी उपस्थिति भी दे दी गई है। ईएमआरएस के कुशल संचालन के लिये यहां आउटसोर्स पर 39 स्टाफ नर्सेस एवं 4 काउंसलर्स भी रखे गये हैं।

# निगम अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 78 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा

## नसबंदी उपरांत 55 श्वानों को वापस छोड़ा

**विजय मत भोपाल**

नगर निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। कार्यवाही के इसी क्रम में निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 78 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा। निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 55 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा जहां से उन्हें पकड़ा गया था।



निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने गुरूवार को अयोध्या नगर, सरस्वती मन्दिर, शिव नगर, कोलार रोड, ग्यारह मिल, कटारा हिल्स, करोंद, चांदबड़, दौरका नगर, सेमरा, बैरागढ़ एवं लालघाटी आदि क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 78 श्वानों को नसबंदी केन्द्र भेजा। निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 55 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। निगम के डाग स्क्वाड द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## अब तक 5 लाख 30 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

**भोपाल।** राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय एप के जरिए भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय एप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 5 लाख 30 हजार 49 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है।

# विच्छेदित कनेक्शन बिल भरते ही अपने आप जुड़ जाएगा: तोमर

## ऊर्जा मंत्री ने दी बिजली अधिकारियों को बधाई

**विजय मत भोपाल**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर से संबंद्ध उपभोक्ताओं को गुरुवार से एक और सुविधा प्रदान की है। यदि किसी स्मार्ट मीटर से संबंधित उपभोक्ता का कनेक्शन बकाया बिल राशि तय समय तक जमा नहीं करने पर ऑटोमेटिक कटता है, तो ऑन लाइन बिल भरते ही उसका कनेक्शन कुछ मिनट में ही पुनः जुड़ जाएगा। उसे बिजली कार्यालय आने या किसी को फोन करने, जमा रसीद भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। मप्र में सबसे पहले इंदौर से स्मार्ट मीटर कन्ज्यूमर ऑटोमेशन प्रक्रिया प्रारंभ होने और नई उपभोक्ता सुविधा प्रदान करने पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने कार्मिकों को बधाई दी।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुरजनी सिंह ने बताया कि सबसे पहले ऑटोमेशन की यह सुविधा 2020 से 2024 तक लगे स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को प्रदान की गई है। इसके लिए कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा, पेमेंट गेटवे सिस्टम और स्मार्ट मीटर परियोजना शाखा को एक दूसरे से रियल टाइम संबद्ध किया गया है। बिजली कंपनी उपभोक्ताओं को नियत तिथि तक बिल राशि जमा करने की सुविधा व राशि जमा करने का संदेश देती है, इसके बाद भी यदि स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं की बकाया राशि जमा नहीं होने पर बिजली ऑटोमेटिक रूप से कटती, तो बिल राशि एवं बिजली कनेक्शन काटने, जोड़ने की राशि सहित कुल बिल मोबाइल/कम्प्यूटर पर दिखेगा।

# 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 1300 से अधिक युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण का लाभ

## ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर

**विजय मत भोपाल**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी राज्य शासन की महत्वाकांयोजना मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत पंजीयन कराकर मध्यप्रदेश के 1 हजार 305 युवाओं को ऑन द जॉब ट्रेनिंग दी जायेगी। इसके लिए कंपनी द्वारा मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में लगभग एक हजार 305 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों के इच्छुक युवाओं से 16 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। कंपनी ने बताया है कि ''मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना'' में आवेदन करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण से संबंधित अर्हताओं, रिक्त स्थानों के विवरण तथा अन्य आवश्यक जानकारी कंपनी की बेवसाइट portal.mpcz.in पर देख सकते हैं।

मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन पास बेरोजगार युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, लाइनमैन, स्टेनोग्राफर (हिंदी/अंग्रेजी), इंजीनियरिंग (सिविल/इलेक्ट्रिकल),एग्जीक्यूटिव (एच आर/अकाउंट) आदि पदों पर 01 हजार 305 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत व्यापक स्तर पर औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं को कंपनी में छात्र प्रशिक्षणार्थी के रूप में ऑन द जॉब ट्रैनिंग की सुविधा मिलेगी।

**खुशियों की दास्ताँ** — आजीविका मिशन से जुड़कर लखपति दीदी अनुसुईया ने रचे सफलता के नए आयाम

# केले के रेशों से बुना सपनों का ताना-बाना

**विजय मत भोपाल**

मध्यप्रदेश का बुरहानपुर केले की खेती के लिए प्रसिद्ध है, अब अपने नवाचारों के लिए भी जाना जा रहा है। यहां की महिलाओं ने अपने हुनर से न केवल अपने जीवन को संवारा, बल्कि जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इन महिलाओं में से एक हैं एकझिरा गांव की अनुसुईया चौहान, जिन्होंने केले के तने के रेशे से टोपी बनाकर लंदन तक अपनी पहचान बनाई है। बुरहानपुर में आयोजित बनाना फेस्टिवल ने अनुसुईया दीदी को नई ऊर्जा और प्रेरणा दी।

अनुसुईया दीदी का जीवन बदलने की कहानी आजीविका मिशन से शुरू होती है। लव-कुश स्व- सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने केले की खेती के साथ-साथ केले के तने का भी



उपयोग करना शुरू किया। मिशन के सहयोग से उन्होंने रेशा निकालने की मशीन खरीदी और तने से रेशा निकालकर टोपी बनाने का काम शुरू किया।

केले के तने से रेशा निकालने, उसे सुखाने और बुनाई करने के बाद विभिन्न आकार और डिज़ाइन की टोपियाँ तैयार की जाती हैं। इन टोपियों की कीमत 1100 से 1200 रुपये तक होती है। अनुसुईया दीदी अपने परिवार के साथ मिलकर यह कार्य करती हैं। इस काम से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि उन्होंने अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया है।

अनुसुईया दीदी द्वारा बनाई गई टोपियाँ लंदन तक पहुँची हैं। लालबाग क्षेत्र के परिवार के सदस्यों ने यह टोपियाँ खरीदीं और विदेश तक पहुँचाया। यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि यदि सही दिशा और प्रोत्साहन मिले, तो स्थानीय उत्पाद अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ सकते हैं। बुरहानपुर जिले में सरकार की मंशा के अनुसार, स्व सहायता समूह की महिलाओं को ÷लखपति दीदी÷ बनाने का प्रयास जारी है। अनुसुईया दीदी इस सपने को साकार करने वाली मिसाल बन चुकी हैं। उनका कहना है, जब हुनर को सही मंच मिलता है, तो सपने भी साकार होते हैं।÷ आज वे महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई हैं। उनका सफर इस बात का उदाहरण है कि कैसे नवाचार और मेहनत से आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com